विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, डीवान, कुर्सी, फास्ट, ईजीचेयर टेबल, ड्राईंगटेबल टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
स्टाफ बिस्टर, टेरेसी कार्टून के थाल, पावर हाउस रोड, कोरबा
सभी माल निर्माता-विक्रेता का प्रतिष्ठान

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 72 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 12 दिसम्बर 2025 डाक 13 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कोलकाता में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ लोक भवन तक विरोध मार्च का नेतृत्व किया

देश-विदेश

वाशिंगटन में मूसलधार बारिश और बाढ़, आपातकाल की घोषणा, हजारों लोगों को घर खाली करने के आदेश

फीचर पेज

पालक बनाम केल: इनमें से किसका सेवन सेहत के लिए है ज्यादा फायदेमंद?

आंध्र प्रदेश बस हादसा: नौ लोगों की मौत पर राष्ट्रपति-पीएम, सीएम नायडू ने जताया शोक

PMNRF से मुआवजे का ऐलान

विशाखापत्तनम, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

आंध्र प्रदेश में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। हादसा अल्लूरी सीताराम राजू जिले में हुआ। चित्तूर जिले से आ रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। निजी बस चित्तूर-मारेदुमिल्ली घाट रोड पर खाई में जा गिरी। जिस वक्त ये भयानक हादसा हुआ, उस समय यात्री नींद में थे।

हादसे पर आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने शोक व्यक्त किया है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। जिस बस में हादसा हुआ, वह यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। बताया जा रहा है कि बस भद्राचलम के एक मंदिर में दर्शन करने के बाद अन्नावरम जा रही थी। जिला कलेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि अल्लूरी सीताराम राजू जिले में चित्तूर और भद्राचलम के बीच घाट रोड पर एक बस पलट गई। नौ लोगों के मरने की खबर है। घायलों को इलाज के लिए भद्राचलम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार चित्तूर जिले से दो ड्राइवरों सहित 37 लोगों का एक समूह तीर्थयात्रा पर था। हादसे को लेकर पुलिस को संदेह है कि चालक तुलसिपाका के पास नीचें मील के पत्थर पर तीखे मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा और सुरक्षा दीवार से टकरा गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटना स्थल पहाड़ियों पर थी, जहां मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध नहीं है, इसलिए सूचना को मोथुगुंटा के अधिकारियों तक पहुंचने में कुछ समय लगा, जो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

हादसे की वजह और मरने वालों की पहचान का पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों ने घायलों को चित्तूर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, अल्लूरी सीतारामराजु जिले में चित्तूर के पास तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक प्राइवेट बस के हादसे ने हमें झकझोर कर रख दिया है। दुख की बात है कि इस हादसे में कई जानें चली गईं। मैंने अधिकारियों से हादसे के बारे में बात की और पीड़ितों को दी जा रही मदद का विवरण जाना। सरकार हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के साथ खड़ी है। हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताया। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा, आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में बस हादसे में हुई मौतों से दुखी हूं। इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। इसी के साथ उन्होंने PMNRF से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की बात कही है। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर शोक व्यक्त किया। हादसे में लोगों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। मैं दुखी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना करती हूं।

सुनील गावस्कर के पर्सनल राइट्स मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला गूगल, मेटा और एक्स को दिए आदेश

नईदिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को गूगल, मेटा और एक्स को निर्देश दिया कि वे पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर की उन रिक्वेस्ट पर कार्रवाई करें, जिनमें उनकी तस्वीरों और नाम का गलत इस्तेमाल करने वाले कंटेंट को हटाने और उनके पर्सनैलिटी राइट्स के उल्लंघन की बात कही गई है। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने गावस्कर से कहा कि वे आपत्तिजनक URL संबंधित कंपनियों को दें, जिन्हें एक हफ्ते के अंदर उन पर कार्रवाई करनी होगी। कोर्ट ने कहा, विरोधी पक्ष को निर्देश दिया जाता है कि वे इस शिकायत को एक कंप्लेंट के तौर पर मानें और आज से एक हफ्ते के अंदर इस पर फैसला करें। उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वह आज से 48 घंटे के अंदर मध्यस्थ को खास URL दें। URL उन वकीलों के जरिए दिए जा सकते हैं जो पेश हुए हैं। मध्यस्थ को निर्देश दिया जाता है कि वे एक हफ्ते के अंदर शिकायतकर्ता को अपने फैसले के बारे में बताएं। यह निर्देश गावस्कर के कोर्ट में याचिका दायर करने के बाद दिया गया, जिसमें उन्होंने कई कंपनियों के खिलाफ निर्देश देने की मांग की थी ताकि उन्हें उनकी पर्सनैलिटी का बिना इजाजत इस्तेमाल करने से रोका जा सके।

कफ सिरप सिंडीकेट के 25 ठिकानों पर ईडी ने बोला धावा

झारखंड, गुजरात और लखनऊ सहित छह शहरों में की छापेमारी

लखनऊ, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

यूपी के कफ सिरप कांड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने शुक्रवार सुबह से ही सिंडीकेट के 25 ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। ईडी की टीमों ने लखनऊ, वाराणसी, अहमदाबाद, जौनपुर, सहारनपुर और रांची के ठिकानों पर छापेमारी की है। वहीं, लखनऊ में आरोपी आलोक सिंह के ठिकानों पर भी छापा मारा। इसके पहले, कफ सिरप मामले में लखनऊ में कोडीन युक्त सिरप, टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन बरामद किया था। आरोपी दीपक को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज की थी। मामले में आरोपियों का एक साथी आरुष सक्सेना अभी पकड़ा नहीं गया है। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी है।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि 11 अक्तूबर को औषधि विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने खेहनगर निवासी दीपक मानवानी के मकान पर छापा डालते हुए भारी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप, टेबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन बरामद किया था। पूछताछ में दीपक ने खुलासा किया था कि वह उक्त दवा सूरज और प्रीतम से खरीदकर नशेड़ियों को बेचता था। आरोपी सूरज व प्रीतम को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस टीम दोनों की तलाश में लगी थीं। बृहस्पतिवार को कृष्णानगर पुलिस ने बैकुंठ धाम वीआईपी रोड से मड़ियांव फैजुलागंज निवासी सूरज मिश्र और महानगर के बादशाहनगर निवासी प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी सूरज मूल रूप से सीतापुर के अटरिया सदनपुर का रहने वाला है और उसकी न्यू मंगलम आयुर्वेदिक नाम से दवा की एजेंसी है। आरोपी प्रीतम मूल रूप से बहराइच के बाडी राजा का निवासी है। वह फैमिली रेस्टोरेंट पुरनिया में काम करता है।

डॉक्टर, अधिकारी समेत कारोबारियों को ठगने वाला फर्जी सीए गिरफ्तार



रायपुर। एसीबी ईओडब्ल्यू ने 5 साल से फरार ठग राकेश भभूतमल को कल शाम कोर्ट परिसर से हिरासत में लिया है। स्वयं को सीए बताकर लोगों के आधार कार्ड पैन कार्ड लेकर लोन लेता था। बदले में उन्हें मोटा मुनाफा देने का झांसा देता। इसने अब तक 50 करोड़ की ठगी की थी। इसके खिलाफ वर्ष 2021,22 और 23 में इसके शिकार लोगों ने रायपुर मौदहपारा कोतवाली, सिविल लाइंस समेत राजनांदगांव दुर्ग में 12 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। कल वह अपनी गिरफ्तारी वारंट कैंसल कराने कोर्ट आया था। इसकी सूचना पर एसीबी ईओडब्ल्यू की टीम ने वहां पहुंच कर राकेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। आज गिरफ्तार कर उसे रिमांड पर लिया जाएगा।

टिब्बी में विरोध प्रदर्शन जारी,17 को कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी, एडीजी ने दिया बड़ा बयान

हनुमानगढ़, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में हुए बवाल की खबर देशभर में छाई रही। ताजा अपडेट के मुताबिक, ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड की फैक्टरी के खिलाफ किसानों और स्थानीय लोगों का विरोध जारी है। पुलिस ने इस मामले में 107 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 40 लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। महिलाओं ने पुलिस पर गोली चलाने का आरोप लगाया उन्होंने गुरुद्वारे सिंह सभा में गोलियों के खोल भी दिखाए। डर के कारण कई लोग अपने घरों में ताले लगाकर रिश्तेदारों के पास चले गए हैं। कुछ लोग गुरुद्वारा सिंह सभा में शरण ले रहे हैं। गुरुवार को किसानों से हुई दो दौर की वार्ता सफल नहीं रही। एडीजी वीके सिंह ने कहा कि 10 दिसंबर को स्थिति शांत थी, लेकिन बाहरी लोगों ने उपद्रव भड़काया। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव मगेज चौधरी ने कहा कि पुलिस के हथियार जंग लगे थे, वरना सैकड़ों लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। उन्होंने 17 दिसंबर को किसान कलेक्ट्रेट का घेराव करने की बात कही। सादुलशहर भाजपा विधायक गुरवीर सिंह बराड़ भी गुरुवार देर शाम किसानों से बातचीत करने टिब्बी पहुंचे। जोगाराम पटेल ने कहा कि यह पूरी घटना प्रायोजित थी और आंदोलन नहीं था। राजस्थान के बाहर से आए करीब 1000 लोगों ने फैक्टरी में हिंसा की। उन्होंने लोगों से कानून को हाथ में न लेने की अपील की। उन्होंने कहा- 17 दिसंबर को किसान कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे।

डंपर पुल से गिरा, आग लगने से ड्राइवर-क्लीनर की जिंदा जलकर मौत

नूंह, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे बड़ा हादसा हो गया। दिल्ली की ओर से पत्थर खाली करके राजस्थान जा रहा एक डंपर गुजर नंगला गांव के पास पुल नंबर-55 पर अंडरपास की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे सड़क पर जा गिरा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर दो हिस्सों में टूट गया और उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में डंपर में सवार ड्राइवर (55 वर्ष) और क्लीनर (18 वर्ष) दोनों की मौत हो गई। दोनों राजस्थान के नीली गांव के रहने वाले थे। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को घायल अवस्था में बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। क्लीनर आग की लपटों में फंसकर जिंदा जल गया। नींद आने के कारण यह हादसा हुआ बताया जा रहा है। कई घंटे तक डंपर में आग लगी रही, दमकल विभाग की गाड़ी भी काफी देर बाद मौके पर पहुंची।

गोवा के बाद भुवनेश्वर के होटल में लगी आग, दूर तक दिखा धुएं का गुबार

भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर में एक होटल में भीषण आग लगी है। होटल से भयंकर आग की लपटें उठ रही हैं। लोगों ने ही पुलिस को इस घटना की सूचना दी। आग बुझाने का काम जारी है। अभी तक इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन, 90 साल की आयु में लातूर में ली अंतिम सांस

नईदिल्ली 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल ने आज सुबह महाराष्ट्र के लातूर में अंतिम सांस ली। पाटिल 90 साल के थे। सुबह करीब 6.30 बजे उनका लातूर स्थित अपने घर में निधन हो गया। शिवराज पाटिल लंबे समय से बीमार चल रहे थे, जिसके चलते उनका घर पर ही इलाज किया जा रहा था। उनका पूरा नाम शिवराज पाटिल चाकुरकर था। उन्होंने लोकसभा के सभापति और विभिन्न केंद्रीय मंत्री के पद की जिम्मेदारी संभाली है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को होने की उम्मीद है। उनके परिवार में उनके बेटे शैलेश पाटिल, बहू अर्चना, जिन्होंने पिछले साल लातूर शहर से कांग्रेस के अमित देशमुख के खिलाफ BJP के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था, और दो पोतियां हैं।शिवराज पाटिल ने अपने राजनीतिक जीवन में कई प्रतिष्ठित पदों की कार्यभार संभाला। महाराष्ट्र से नाता रखने वाले शिवराज पाटिल मराठवाड़ा के लातूर से सांसद रह चुके हैं। वहीं लातूर की ग्रामीण सीट से उन्होंने साल 1973 से 1980 तक विधायक की भी जिम्मेदारी संभाली। साल 1980 के बाद उन्होंने लातूर लोकसभा सीट से चुनाव जीता और संसद पहुंचे। उन्होंने लातूर लोकसभा क्षेत्र से सात बार जीत दर्ज की थी। बता दें कि साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के वक्त शिवराज पाटिल ही देश के गृह मंत्री थे।

मुंबई आतंकी हमले के दौरान सुरक्षा में चूक को लेकर काफी आलोचना होने पर शिवराज पाटिल ने अपने गृह मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने आतंकी हमला रोकने में अपनी नाकामी स्वीकार की थी और इसके बाद नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्री का पद छोड़ा था। उनके निधन पर कांग्रेस पार्टी और कार्यकर्ताओं ने दुख जताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। वहीं जैसे ही सुबह उनके निधन की खबर सामने आई। शिवराज पाटिल के लातूर स्थित निवास देवघर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और चाहने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई। नीचे दी गई वीडियो लातूर में उनके घर की है। जहां लोगों का जुटना शुरू हो गया है साथ ही पुलिस भी व्यवस्था देखने के लिए तैनात है।

जापान में 6.7 तीव्रता का भूकंप, देश के पूर्वोत्तर में लगे झटके, सुनामी की चेतावनी

टोक्यो। जापान में आज सुबह एक बार फिर धरती हिलने से दहशत फैल गई। जापान में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय समय के अनुसार यह भूकंप सुबह 8.14 बजे आया। भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गई। इसी के साथ सुनामी की भी चेतावनी जारी की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक शुक्रवार को देश के उत्तर-पूर्व में रिक्टर स्केल पर भूकंप की 6.7 तीव्रता मापी गई। भूकंप के बाद सुनामी की भी चेतावनी जारी की गई। फिलहाल नुकसान के बारे में तुरंत कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि समुद्र में आया 6.7 तीव्रता का भूकंप इतना जोरदार था कि तटीय इलाकों से लेकर दूर बसे शहरों तक धरती हिलने से हड़कंप मच गया।

इंडिगो संकट के बीच डीजीसीए का एक्शन, चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को किया सस्पेंड

नईदिल्ली 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने इंडिगो पर बड़ा एक्शन लेते हुए चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है। डीजीसीए का कहना है कि ये कर्मचारी मुश्किल में फंसी इंडिगो की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की देखरेख के लिए जिम्मेदार थे। दरअसल, डीजीसीए का मानना है कि इन कर्मचारियों की ओर से एयरलाइन के इंस्पेक्शन और मॉनिटरिंग में लापरवाही की वजह से यह कार्रवाई की गई। इसी महीने की शुरुआत में इंडिगो ने अपनी हजारों उड़ानों को रद्द कर दिया था।

इसके कारण देश भर में लाखों यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। अब धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। बताया जा रहा है कि डीजीसीए ने वरूक के इस्तेमाल और रिफंड समेत अलग-अलग ऑपरेशन की देखरेख के लिए गुरुग्राम में एयरलाइन के ऑफिस में दो टीमें तैनात की हैं। ये निगरानी टीमें शाम 6 बजे रेगुलेटर को प्रतिदिन रिपोर्ट देंगी।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

गोवा नाइट क्लब हादसा: इंडिगो से भागे और इंडिगो में ही पकड़े गए

गोवा, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसंबर की रात को भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 25 लोगों की जान गई। हालांकि, जिस दौरान नाइट क्लब में आग लगी थी और दमकल कर्मचारी आग को बुझाने में लगे थे। ठीक उसी समय नाइट क्लब के सह-मालिक सौरभ और गौरल लूथरा ने इंडिगो फ्लाइट की टिकट ली और देश से फरार हो गए। हालांकि, लूथरा ब्रदर्स को थाई पुलिस ने फुकेत के पटांग स्थित होटल इंडिगो से हिरासत में लिया है।

दिल्ली के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा उनके पासपोर्ट को निलंबित कर दिया गया, जिसके बाद लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड में अवांछित व्यक्ति बन गए। उनकी इस थाईलैंड की यात्रा के दौरान दस्तावेजों को तब अमान्य कर दिया गया, दब उनके खिलाफ कार्रवाई न करने के कारण के लिए जारी किए गए कारण बताओं नोटिस का जवाब नहीं मिला। अधिकारियों का कहना है कि लूथरा ब्रदर्स के पासपोर्ट के निलंबित होने के कारण उनकी हिरासत की मांग को पूरा करना आसान हो गया। इसके बाद थाई पुलिस की एक टीम ने पासपोर्ट और यात्रा संबंधी जानकारी का इस्तेमाल करते हुए उनका पता लगाया। इसके बाद उनका सामान जब्त किया और उन्हें आव्रजन हिरासत केंद्र भेज दिया गया। फुकेत पुलिस ने गुरुवार को एक तस्वीर जारी की, जिसमें देखा गया कि दोनों भाइयों के हाथों में हथकड़ी है। माना जा रहा है कि निर्वासन तक उन्हें हिरासत में रखा जाएगा। भारतीय एजेंसियों ने उम्मीद जताई है कि इसी हफ्ते के अंत तक दोनों भाइयों को भारत लाने की प्रक्रिया पूरी हो सकती है। हालांकि, शुक्रवार को वीकेंड होने के कारण दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने काम थोड़ा धीमा हो सकता है। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास द्वारा एक आपातकालीन यात्रा प्रमाण जारी करना होगा और कागजी कार्रवाई के लिए भाइयों को थाई राजधानी ले जाया जा सकता है। 6 दिसंबर की रात्रि को नाइट क्लब में एक कार्यक्रम के दौरान बिजली के पटाखों के लकड़ी की छत से टकराने के कारण आग लग गई। यह घटना रात के करीब 11.45 बजे की है। हालांकि, इस हादसे में कई लोग बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन निकास द्वारा में आग लगने के कारण कई लोग बेसमेंट में फंस गए। इस घटना में 25 लोगों की दुखद मौत हो गई, जिसमें 20 लोग स्टाफ के थे।

तेज रफ्तार बस ने ट्रॉला में मारी टक्कर, 22 मजदूर घायल

उधमसिंह नगर 12 दिसम्बर। लखीमपुर खीरी से श्रमिकों को लेकर देहरादून जा रही प्राइवेट बस नेशनल हाईवे-74 स्थित ग्राम कनौरा के कट पर सड़क किनारे खड़े ट्रॉला में पीछे से जा टकराई।हादसे में बस में सवार 22 यात्री घायल हो गए, जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस व स्थानीय लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-74 स्थित ग्राम कनौरा में कट के पास ट्रॉला संख्या (यूपी79/एटी5693) सड़क किनारे खड़ा था। बताया जाता है कि इसी बीच गुरुवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे रुद्रपुर की ओर से काशीपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस संख्या (यूपी31/टी 8654) पीछे से ट्रॉला में जा टकराई।

वर्ष की अंतिम लोक अदालत जिले के कई स्थान पर कल

कोरबा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2025 में अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर को आयोजित की जावेगी। ज्ञात हो कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां न्यायालयीन प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण तरीके से समझौता कर सालों के विवाद का त्वरित निपटारा किया जाता है। इस क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा इस वर्ष के अंतिम लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को किया जा रहा है। आयोजित होने वाले लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, दिवानी मामले, चेक बाउंस के मामले, यान वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा, ट्राफिक चालान का निराकरण होगा, साथ ही ऐसे मामले जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए है, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से उनका भी निराकरण किया जायेगा। इसमें बैंक वसूली, विद्युत बकाया, जल एवं कर सम्पति बकाया, टेलीफोन बिल जैसे मामले शामिल रहेगें।

निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी

कोरबा । भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देश के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अर्हता तिथि 01.01.2026 के संदर्भ में चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग के निर्देशों की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न कर संबंधित कार्यालयों को प्रेषित की गई है।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 23 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा। इसके पश्चात दावों एवं आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद 21 फरवरी 2026 (शनिवार) को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा निर्देशित किया गया है कि आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए एवं समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपादित किए जाएँ।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को,16 को होगी बैठक

कोरबा। जिले में 21 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में 16 दिसंबर 2025 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 01 बजे जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

गौरतलब है कि भारत सरकार एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर 2025 को आयोजित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथ में तथा मॉप अप दिवसों 22 व 23 दिसंबर 2025 को गृह भेंटकर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा।

लाखों के नए ई-रिक्शा का वितरण किया गया महिलाओं को

कोरबा । प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने गुरुवार को नगर निगम के स्वच्छता दीदियों को 80 नए ई-रिक्शा बांटे। उन्होंने कहा शहर की स्वच्छता में स्वच्छता दीदियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ई-रिक्शा मिलने से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में तेजी आएगी। इसके साथ ही स्वच्छता दीदियों के समय की बचत होगी।

निगम के कर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजू देवी राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि सभापति नूतन सिंह ठाकुर, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय भी मौजूद रहे। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए ई-रिक्शा खरीदने जिला खनिज न्यास मद से 2 करोड़ 84 लाख की मंजूरी मिली थी। इसी से 80 नए ई-रिक्शा की खरीदी की है।

उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्वच्छ भारत मिशन संचालन कर स्वच्छता और साफ सफाई के महत्व को हम सबके सामने रखा है। इससे लोगों में भी जागरूकता आई है। कोरबा नगर निगम देश के शहरों में आठवें नंबर पर है। आने वाले दिनों में नंबर वन बनाने सभी प्रयास करें। इस मौके पर पार्षद अशोक चावलानी, लक्ष्मण श्रीवास, रामकुमार साहू,चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष योगेश जैन, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, अजय विश्वकर्मा, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, राकेश अग्रवाल, जगदीश श्रीवास, तुलसी ठाकुर, ईश्वर समेत निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओं ने कहा- मनमाना बिजली बिल थमाया गया

गेवरा-दीपक । वार्ड क्रमांक 2 ज्योति नगर की महिलाओं ने बिजली वितरण कंपनी के दीपका कार्यालय में मनमाना बिजली बिल थमाने का विरोध जताया। इनका कहना है कि नियमित भुगतान कर रहे घरेलू उपभोक्ताओं को भी बेतहाशा बिजली बिल भेज दिया है। बिजली बिल में जरूरी सुधार नहीं होने और काटी गई सप्लाई को फिर से नहीं जोड़ने पर दफ्तर के घेराव की चेतावनी दी है। महिलाओं ने कहा कि ईमानदारी से बिजली बिल जमा कर रहे उपभोक्ताओं को मनमाने बिल भेजकर परेशान किया जा रहा है। कार्यालय में सुधार के लिए पहुंचने पर समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

इससे परेशान होकर विरोध करने बाध्य हुए। दीपका बिजली कार्यालय की कार्यशैली से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। धरने में ज्योति नगर वार्ड की अनीता तिवारी, कंचन देवी, प्रभा देवी, रानी देवी, चुनी देवी, सिपल देवी, चंदा सिंह, ममता वर्मा, बबीता सोनी, रूबी देवी, शिवराम, सावित्री केंवट समेत अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

सीएचसी पौड़ी में शुरू हुई सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा

कोरबा। जिला प्रशासन कोरबा के निर्देश और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पोड़ी-उपरोड़ा में आज से सीजेरियन ऑपरेशन सुविधा शुरू हो गई।11 दिसंबर 2025 को पहला लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें प्रसूता कमला यादव ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। यह कदम ग्रामीण क्षेत्र के लिए बड़ी राहत है।

इस प्रोजेक्ट में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश सिंह, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. अनिल बनर्जी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश कश्यप, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमाशंकर सिंह, बीपीएम स्वरूप धारा तथा नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर, सीएमओ डॉ. एस.एन. केसरी तथा बीएमओ डॉ. दीपक सिंह के मार्गदर्शन में वर्षों से लंबित यह सुविधा शुरू हो पाई।

अब क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को सीजेरियन डिलीवरी के लिए कटघोरा या निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे समय पर, सुलभ और सुरक्षित प्रसव की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी।

अतिरिक्त शिक्षक मिलने से सिमगा के विद्यार्थियों के जीवन में लौटी शिक्षा की नई उम्मीद

कोरबा । जिले के दूरस्थ क्षेत्र पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिमगा में वर्ष 2014 से संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल अब शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। सिमगा, घोसरा और आसपास के लगभग दस किलोमीटर दायरे के गाँवों से विद्यार्थी यहां पढ़ने आते हैं। विद्यालय में कुल 178 विद्यार्थी दर्ज हैं, जिनमें से लगभग सभी अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते हैं। यह विद्यालय ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र के बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लंबे समय तक विद्यालय में अंग्रेजी और वाणिज्य विषय के व्याख्याता नहीं थे, जिसके कारण विद्यार्थियों को इन विषयों की नियमित कक्षाएँ प्राप्त नहीं हो पाती थीं। इससे उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी पहल पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का निर्णय लिया गया। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत सिमगा हायर सेकंडरी स्कूल को अंग्रेजी विषय के व्याख्याता के रूप में श्री रमाकांत कुशरो और वाणिज्य विषय की व्याख्याता के रूप में श्रीमती रुकमणी पुरैना की नियुक्ति मिली। इन शिक्षकों के आने के बाद विद्यालय का माहौल सकारात्मक रूप से बदलने लगा और पढ़ाई की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला।ग्राम सिमगा की सरपंच गायत्री आयाम और ग्राम पंचायत घोंसरा की शाम बाई बिंझवार ने बताया कि नए व्याख्याता आने से स्कूल में पढ़ाई का वातावरण काफी बेहतर हुआ है। विद्यार्थियों में उत्साह दिखाई दे रहा है और उनकी रुचि भी बढ़ी है। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियोंकुलक्ष्मी, साहिल, आशु, सोनिया, दिल कुमार, रमी सिंह, रितेश, जय कुमारी, समिता, याचना और विकासकहने भी कहा कि पहले नियमित शिक्षक न होने के कारण उनकी पढ़ाई बाधित होती थी, लेकिन अब अंग्रेजी और वाणिज्य दोनों विषयों की अच्छी तरह पढ़ाई हो रही है। विद्यालय में वर्षों से नियमित प्राचार्य का अभाव भी था। हाल ही में श्री सतीश प्रकाश सिंह के नियमित प्राचार्य के रूप में पदस्थ होने से विद्यालय में नवाचार की शुरुआत हुई है। उन्होंने पदस्थापन के साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा व रोजगार के प्रति जागरूक करने का अभियान प्रारंभ किया है। प्राचार्य श्री सिंह स्वयं भी विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन दे रहे हैं और विशेषज्ञों को बुलाकर नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। उनका कहना है कि तकनीकी युग में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रेरित और समर्थ बनाना आवश्यक है। सिमगा हायर सेकंडरी स्कूल आज बदलाव की उस यात्रा पर है, जहाँ शिक्षा के माध्यम से बच्चों के भविष्य में नई चमक पैदा हो रही है।

बिजली कर्मियों की बिजली बिल में रियायत जारी रखें

कोरबा। बिजली अफसर-कर्मियों की बिजली बिल में मिलने वाली रियायत पीएम सूर्यघर से सोलर पैनल लगाने रजिस्टेशन नहीं कराने पर बंद कर दिया है। इसे पहले की तरह ही जारी रखा जाए। बिजली कर्मियों के आवासीय कॉलोनी या निजी मकानों की छतों पर सोलर पैनल इंस्टाल कराने में लगने वाले खर्च का वहन बिजली कंपनी स्वयं करे।

हरकिशन स्कूल में विज्ञान प्रदर्शन व आनंद मेला आयोजित

कोरबा। श्री हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बुध?वार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं फूड फेस्ट आनंद मेला का आयोजन किया गया।जिसमेंनवाचार, रचनात्मकता और सामुदायिक सहयोग की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र सिंह तथा समिति के सदस्यों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने छात्रों के प्रदर्शन को सराहा। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों द्वारा तैयार किए गए मॉडल प्रदर्शित किए गए।यह प्रदर्शनी विद्यालय के छात्रों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस दिन को और भी विशेष बनाते हुए, आनंद मेला में घर में बने स्वादिष्ट व्यंजनों, आकर्षक फूड स्टॉल्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

3 घंटे में दो प्रश्नपत्रहल करने की चुनौती पर परीक्षा का बहिष्कार

पीड़ित छात्रों ने दो प्राचार्य की शिकायत की

कोरबा। सरकारी अनुदान प्राप्त बालको नगर के आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल में दो प्राचार्य में वर्चस्व की लड़ाई के चक्कर में विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। अर्धवार्षिक परीक्षा में इन प्राचार्य ने विद्यार्थियों को एक ही दिन 3 घंटे में हिंदी और अंग्रेजी का प्रश्न पत्र हल करने का टास्क दे दिया। नाराज छात्रों ने परीक्षा का बहिष्कार किया और जिला प्रशासन के पास पहुंचकर मामले की शिकायत की।

खबर है कि आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल में आज से अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हुई। विद्यालय में प्रबंध समिति के द्वारा एक प्राचार्य चंद्र को पहले से रखा गया है जबकि एक मामले में व्यवस्था होने पर कर्ष ने भी कुर्सी संभाल ली है। इस तरह से दोनों के बीच वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई। जानकारी मिली है कि गुरुवार को अर्धवार्षिक परीक्षा के पहले दिन प्राचार्य चंद्र ने विद्यार्थियों को हिंदी की परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र बंटवाया। जबकि कर्ष का कहना था कि उनके हिसाब से अंग्रेजी की परीक्षा होगी। इस तरह के विकल्प के चक्कर में छात्र परेशान हो गए की 3 घंटे के कालखंड में वे दो प्रश्न पत्रों को कैसे हल कर सकेंगे। उन्होंने अपनी परेशानी दोनों प्राचार्य के समक्ष रखे लेकिन उन्होंने कोई व्यवस्था नहीं दी। आखिरकार इस स्कूल के छात्रों ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया और यूनिफॉर्म में ही जिला प्रशासन कार्यालय कोरबा पहुंच गए। उन्होंने अपनी परेशानी से अधिकारी को अवगत कराया। प्रशासन ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

इस प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि वह अभी कोरबा से बाहर है। लौटने पर इस मामले को गंभीरता से देखेंगे और इसका समुचित समाधान भी करेंगे। शिक्षा अधिकारी ने प्रकरण में विद्यार्थियों के हितों का संरक्षण करने की बात भी कहीं।

लॉगस टर्म्स ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पर मेडिकल कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

अशासकीय संगठन लोगों को दे रहा सुविधा

कोरबा। जिले में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर वितरण से संबंधित एक पायलट प्रोजेक्ट पर गैरसरकारी संगठन काम कर रहा है। सरकार के साथ अनुबंध करते हुए इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि जिन मामलों में लोगों को आश्वासन से संबंधित समस्याएं हैं, उन्हें निशुल्क इस तरह की थेरेपी का लाभ दिया जाए।

कोरबा के सरकारी मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हाल में इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया। एक गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि भी इस मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा छात्रों को ऑक्सीजन थेरेपी के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि प्रदूषण जनित क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य की समस्या होने पर किस प्रकार से सहूलियत दी जा सकती है। छात्रों ने संबंधित विषय पर एसोसिएट प्रोफेसर के व्याख्यान को सुना और जानकारी प्राप्त की। मेडिकल कॉलेज कोरबा के अधिष्ठाता डॉक्टर के के सहारे ने बताया कि लॉन्ग टर्म ऑक्सीजन थेरेपी कोरबा के मामले में इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यहां पर वायु प्रदूषण की उपस्थिति है और काफी लोग इससे प्रभावित हैं। अस्पताल में पीड़ितों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की सुविधा दी जाती है जबकि मौजूदा व्यवस्था के अंतर्गत असम की संगठन बहुत सारे मामलों में लोगों को यह उपकरण निशुल्क दे रहा है।

अधिष्ठाता ने बताया की शरीर में ऑक्सीजन का लेवल 80- 85 के आसपास पहुंचने से लोगों को दिक्कत होती है। हीमोग्लोबिन के निर्माण में भी यह समस्या पैदा करता है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि लोगों को पर्याप्त ऑक्सीजन मिले।

अशासकीय संगठन के प्रतिनिधि रोहित बघेल ने बताया कि कोरबा में श्वसन से संबंधित समस्या ज्यादा है इसलिए हमने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के वितरण को लेकर इसका चयन किया है।

यह बात जरूर है कि देश का आठवां साफ सुथरा शहर होने का गौरव कोरबा को इसी वर्ष हासिल हुआ है लेकिन सच यह भी है कि प्रदूषित शहर में भी कोरबा की गिनती काफी समय से हो रही है। प्रदूषण की भारी समस्या के बीच कोरबा नगर और जिले में जनजीवन चल रहा है यह अपने आप में किसी चमत्कार से काम नहीं है।

लोगों का दावा- जंजीर में बंधा हंडा आ जाता है तालाब के किनारे

रज्जम्मा गांव के प्राचीन तालाब में नहाना तो दूर पास भी नहीं जाते ग्रामीण

कोरबा। प्रदेश के कई हिस्सों में स्थानीय तालाबों के बारे में ऐसी कहानियां प्रचलित हैं कि उनमें खजाना छिपा है, और खुदाई में कुछ चीजें मिलने पर जिज्ञासा और बढ़ जाती है। कोरबा में भी एक रहस्यमयी तालाब है। दावा किया जाता है कि उस तालाब में सोना- चांदी और हीरे-जवारात से भरा हंडा यानी खजाना दफन है। हण्डा कभी कभी बाहर निकलता है। आखिर तालाब में खजाना कहां से आया? गांव के लोग उस तालाब से डरते हैं।

कोरबा के रजक्म्मा गांव में स्थित ये तालाब साधारण तलाब नहीं। ये अपनी तलहटी में कई रहस्यों को समेटे हुए है। तालाब के बीचों बीच अकूत खजाना मौजूद है। सोना चांदी और हीरे जेवरातों से भरा हांडा जो मजबूत जंजीरों से जकड़ा हुआ है। कभी कभी बाहर आता है। कई लोगों द्वारा इसे देखे जाने का भी दावा किया जाता है। ग्रामीण संतराम भारद्वज ने बताया कि इस तालाब को मामा-भांजा तालाब कहा जाता है। बताया जाता है कि तालाब के आसपास मामा और भांजे का खेत है। दोनों धान की खेती करते थे। एक साल भांजे की अपेक्षा मामा के खेत में फसल की अच्छी पैदावार हुई। भांजा निराश था, इस बात से बेखबर कि उसके खेत में धान नहीं बल्कि सोने की पैदावार हुई है। इसकी भनक मामा को लग चुकी थी। मामा ने भांजे को अपने खेत की फसल दे दी और उसका धान काटकर घर ले जाने लगा। मगर जिस बैलगाड़ी में फसल लोड थी वो मामा के घर जाने के बजाए भांजे के घर की ओर जा रही थी। गुस्से में आकर मामा ने बैलों को चाबुक से मारा तो बैल, गाड़ी को खींचते हुए इस तालाब में समा गए।

स्थानीय ग्रामीण शंकर सिंह ने बताया कि भांजे को गुमराह कर सोने की फसल हासिल करने की मामा के मंसूबे पर पानी फिर गया। वो खजाना आज भी इस तालाब में दफन है। लोग बताते है कि तालाब में अजीबोगरीब हलचल होती है, डावनी आवाजे आती है। इतना ही नहीं हांडा और जंजीर बाहर निकलते है। यही वजह की लोग इस तालाब में नहाना तो दूर करीब आने से भी डरते है। क्या वाकई इस तालाब में कोई खजाना दफन है? क्या वाकई इस तालाब की तलहटी में रूहानी शक्ति सांस ले रही है? क्या वाकई में भांजे की सोने की फसल इसमें समाई है। ये रहस्यमई तालाब भले ही खूबसूरत लगता हो मगर इस ताल से जुड़े अफसाने रोंगटे खड़े कर देते है।

8 डिग्री तक नीचे आया तापमान का पारा,परेशानी बढ़ी

कोरबा । मौसम में लगातार बदलाव आ रहा है। रात के साथ दिन में भी ठंडकता बढ़ गई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री पर पहुंच गया।मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। अगले सप्ताह तक तापमान में बदलाव नहीं आएगा। इसकी वजह से ठंड और बढ़ेगी। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह घना कोहरा छा रहा है। सुबह 8 बजे तक कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पाली में भी तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। दिन का तापमान 26 डिग्री और रात का तापमान 8 से 9 डिग्री के बीच बना हुआ है।वैतुरगढ़ में अधिकतम तापमान 25 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ठंड की वजह से लोग दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे हैं। वनांचल क्षेत्रों में तापमान एक से दो डिग्री कम रहता है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिम से लगातार सर्द हवाएं आ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग में मौसम को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। इसके मुताबिक तापमान में उतार-चढ़ाव से सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। शीतलहर के दौरान बहुत जरूरी होने पर ही यात्रा करें। बाहर निकलते समय गर्म कपड़े पहनें। बच्चों पर विशेष ध्यान दें।

महानगर साहू संघ का गठन, अध्यक्ष बने मनकराम तो मदन संगठन सचिव

कोरबा। जिला साहू संघ की वर्तमान कार्यकारिणी से नाराज व चुनाव में समाज के 303 आजीवन सदस्यों को मतदान से बाहर करने से नाराज समाज का एक वर्ग नया संगठन खड़ा कर दिया है। जिला महानगर साहू संघ, कोरबा के नाम से सर्वसम्मति से गठित इस संगठन का अध्यक्ष मनकराम साहू व संगठन सचिव मदनगोपाल साहू को बनाया गया है। संरक्षक के रूप में गिरधारी लाल साहू व धनीराम साहू बनाए गए हैं। अन्य पदाधिकारियों में कार्यवाहक अध्यक्ष बालाराम साहू, उपाध्यक्ष पदमिनी साहू व बद्री साहू, सचिव पुनीराम साहू व मीडिया प्रभारी रविन्द्र साहू के साथ कार्यकारिणी के 10 सदस्य शामिल हैं। यह जानकारी बुधवार को जिला महानगर साहू संघ के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि नया संगठन समाज के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने कटिबद्ध है। शिक्षा, व्यवसाय, संस्कृति, संगठन एवं अन्य क्षेत्रों का विकास शामिल है। इसको ध्यान में रखते हुए समाज के वरिष्ठजन, युवाशक्ति एवं मातृ शक्ति की उपस्थिति में संघ का गठन किया गया। संघ के मीडिया प्रभारी रविन्द्र साहू ने बताया कि जिला साहू संघ कोरबा के चुनाव में नियमविरुध्द, अन्यायपूर्ण, विसंगति से युक्त तहसील का गठन, आजीवन सदस्यों का नाम विलोपन, मनमाने ढंग से आजीवन सदस्यों का नाम जोड़ कर निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित किया किया गया। संगठन की अनियमितता की लगातार प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों, चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारियों से करने के बाद भी समाज के वरिष्ठ व फाउंडर मेंबरों को निर्वाचन के अधिकार से वंचित कर दिया गया।जिसके कारण उन्हें समाज हित में नया संघ बनाने बाध्य होना पड़ा है। इस अवसर पर समाज के दमन साहू, सीपी साहू, दिनेश साहू, कृष्णा साहू, कृपाराम साहू, राधेश्याम साहू, घनश्याम साहू, साहू, समाज के लोग उपस्थित थे।

काम दिलाने के बहाने किशोरी ले जाई गई बनारस, हुआ दुष्कर्म

आरोपी विनोद पटेल को इस मामले में 12 वर्ष की सज़ा दी फास्ट ट्रैक कोर्ट ने

कोरबा। कोरबा में रहने वाली एक नाबालिग लड़की को बनारस ले जाने और उससे दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में कोरबा की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी को 12 वर्ष की सश्रम कारावास से दंडित किया है। उस पर अर्थदंड भी लगाया है।विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि कोरबा में रहने वाली एक नाबालिग लड़की 11 मार्च 2024 को घर से निकली थी। उसने बताया था कि वह कपड़ा सिलाने के लिए जा रही है। इसके बाद से नाबालिग लड़की घर नहीं लौटी। परिवार ने लड़की की खोजबीन की। कोई जानकारी नहीं मिलने पर मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराया। पुलिस ने जांच के बाद लड़की को उत्तरप्रदेश से बरामद किया। लड़की को लेकर कोरबा पहुंची मजिस्ट्रेट के समक्ष नाबालिग लड़की का बयान दर्ज कराया गया। नाबालिग ने बताया कि उसे रजनी चौहान नाम की एक महिला ने बनारस में काम पर रखवाने और अच्छा पैसे दिलाने का आश्वासन दिया था। नाबालिग को लेकर लड़की रजनी बनारस गई थी। वहा लड़की ने अपने बहन दामाद भी विनोद पटेल के घर रखवा दिया। कई दिन तक नाबालिग विनोद के घर रही। फिर उसकी शादी मथुरा में रहने वाले एक युवक के साथ जबरजस्ती करा दी गई। नाबालिग लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी विनोद, रजनी पर आईपीसी की अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। मामले की सुनवाई कोरबा के फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही थी। न्यायाधीश ममता भोजवानी की अदालत ने विनोद पटेल को नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का दोषी ठहराया। उसे 12 वर्ष की सश्रम कारावास का फैसला सुनाया। दोषी पर सात हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

फरार है महिला, खोजबीन जारीइस मामले में पुलिस की ओर से रजनी चौहान अभी भी फरार हैं। कोर्ट ने रजनी को फरार घोषित किया है। पुलिस का कहना है कि रजनी की पतासाजी की जा रही है। उसे पकडऩे के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी मामले में नाबालिग लड़की से जबरदस्ती विवाह रचाने वाला मथुरा का रहने वाला राजू यादव भी नापता है। रजनी और राजू दोना की गिरफ्तारी होनी बाकी है। आरोपी को सजा दिलाने में नाबालिग लड़की का बयान बहा महत्वपूर्ण रहा। लड़की को उसकी परिचित रजनी चौहान बहला-फुसलाकर बनारस ने गई थी।

व्यवस्थित धान खरीदी से किसान महिपाल सिंह को हुआ सुगम लाभ

कोरबा । खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी व्यवस्था कोरबा जिले में पहले से अधिक व्यवस्थित और सटीक रूप में संचालित हो रही है। कोरबा विकासखण्ड के जामबहार के मेहनतकश किसान श्री महिपाल सिंह भी इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया से लाभान्वित हुए हैं। 6 एकड़ कृषि भूमि में मेहनत कर उपज तैयार करने वाले महिपाल सिंह ने इस वर्ष सोनमुरी उपार्जन केंद्र में 90 क्विंटल धान का विक्रय किया।किसान महिपाल सिंह ने खरीदी के दौरान मिली त्वरित और पारदर्शी प्रक्रिया की सराहना की। उनका कहना है कि केंद्र में वजन, पंजीयन और विक्रय की प्रक्रिया बिना किसी विलंब के पूरी हुई। उनके लिए सबसे उपयोगी साबित हुई ऑनलाइन टोकन व्यवस्था। इस सुविधा के कारण समिति के बारदुवार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। टोकन में मिले समय पर पहुँचने से उनका धान तुरंत खरीदा गया और अनावश्यक प्रतीक्षा से बचाव हुआ। महिपाल ने बताया कि यह बदलाव खेत से बाजार तक की प्रक्रिया में समय और श्रम दोनों की बचत करता है। इस वर्ष सरकार द्वारा घोषित सर्वाधिक समर्थन मूल्य का लाभ मिलने पर भी वे संतुष्ट दिखाई दिए। उनका कहना है कि मेहनत की फसल जब निर्धारित मूल्य पर साफ-सुथरी प्रक्रिया के साथ बिकती है, तो पूरे वर्ष की परिश्रम का उचित फल मिलता है।महिपाल ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने लगभग 80-90 क्विंटल धान बेचा था एवं इस बार उपार्जन केंद्र की उन्नत सुविधाओं और सुचारू खरीदी प्रक्रिया ने उनके अनुभव को पूरी तरह बदल दिया। केंद्र में बेहतर व्यवस्था, सटीक माप-तौल और समय पर भुगतान ने उनमें नया विश्वास और उत्साह जगाया है। उन्ह कहा कि पारदर्शी और तेज खरीदी प्रणाली न केवल खेती की नई उम्मीद और स्थिरता दे रही है, बल्कि किसानों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शासन के धान खरीदी की सकारात्मक प्रयास ने इस वर्ष न सिर्फ उन्हें, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों को प्रसन्न और आश्वस्त किया है। जिससे किसानो की आर्थिक व सामाजिक दोनों स्थिति और अधिक मजबूत हुई है और उनका जीवन सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

खेतों में धान कटाई के बाद हाथी भी वापस लौटने लगे

कोरबा। वन मंडल कोरबा में अब 15 हाथी बच गए हैं। धान कटाई होने के बाद हाथियों का झुंड धरमजयगढ़ वन मंडल वापस लौटने लगा है। लेकिन दंतैल हाथी के अकेले घुमने से ग्रामीणों में दहशत है। करतला रेंज में दंतैल हाथी कोटमेर के आसपास घूम रहा है ।इसी तरह चिकनीपाली में 6 हाथी अभी भी गांव किनारे पहुंच रहे हैं बेहरचुंआ में घूम रहे 5 हाथी लबेद की ओर बढ़ सकते हैं ।कुदमुरा के गीतकुंआरी में 2 हाथी घूम रहे हैं। इसी तरह एक दंतैल हाथी भी पहुंचा है। फसल नुकसान होता देख ग्रामीणों ने धान की कटाई पूरी कर ली है। पिछले सप्ताह वन मंडल में हाथियों की संख्या 40 से अधिक थी। वह अब कम हो गई है। कटघोरा वन मंडल में अभी 50 से अधिक हाथी घूम रहे हैं।

जांजगीर-चांपा में ट्रेलरों का अवैध डाला बढ़ाने का खेल, हाईवे पर बढ़ा खतरा

जांजगीर-चांपा। जिले में मालवाहक ट्रेलरों में अवैध रूप से एक से दो फीट तक डाला बढ़ाने का खतरनाक खेल तेजी से बढ़ता जा रहा है। ओवरलोडिंग की सुविधा के लिए किए जा रहे इस अवैध मॉडिफिकेशन पर परिवहन और यातायात विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। हाईवे पर दौड़ रहे इन ट्रेलरों को देखकर साफ होता है कि संचालक अधिक माल भरने के लालच में वाहन की मूल संरचना से खुलेआम छेड़छाड़ कर रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार डाला बढ़ाने से वाहन का सेंटर ऑफ ग्रेविटी ऊपर चला जाता है, जिसके कारण तेज मोड़ों पर ट्रेलर पलटने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ओवरलोडिंग से ब्रेक, एक्सल और टायर पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिससे चलने वाले वाहन सड़क पर चलते बम बन जाते हैं। मोटर व्हीकल एक्ट स्पष्ट रूप से बिना अनुमति वाहन संरचना में बदलाव को अवैध मानता है और ओवरलोडिंग पर भारी जुर्माना तथा वाहन जब्ती की कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन जिले में यह पूरा रैकेट सक्रिय है।

स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि कार्रवाई कौन करेगा? यदि विभागों ने तुरंत संयुक्त जांच शुरू नहीं की, तो किसी भी दिन एक बड़ा हादसा पूरे जिले को हिला सकता है। हाईवे पर चलता यह अवैध खेल अब सीधे आम नागरिकों की जान के लिए खतरा बन चुका है।

इस सीजन में पहली बार 9 डिग्री पर पहुंचा तापमान

जांजगीर। जिले में शीतलहर जैसी स्थिति बन गई है। रात का तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। पिछले वर्ष दिसंबर में 17 तारीख को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज हुआ था, जबकि इस साल दिसंबर के पहले सप्ताह से ही ठंड का असर तेज महसूस हो रहा है। नवंबर के बाद से लगातार बढ़ रही ठंड ने लोगों की हालत खराब कर दी है।

मंगलवार की तुलना में बुधवार को पारा और नीचे लुढ़क गया, जिसका असर सुबह से ही दिखाई दिया। कड़ाके की ठंड ने लोगों को दिनभर परेशान रखा। हालांकि धूप निकलने के बाद कुछ राहत मिली, लेकिन दोपहर के दो-तीन घंटे बाद फिर से ठंड बढ़ने लगी। दोपहर में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है।

शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को मिल रही बाहरी दुनिया से जुड़ी जानकारी

जांजगीर-चाम्पा। शैक्षणिक भ्रमण एक ऐसा अनुभव है जो छात्रों को कक्षा से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया के अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है'' उक्त बातें हायर सेकेण्डरी स्तर के विद्यार्थियों को राज्य के बाहर क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र भुनेश्वर उड़ीसा रवाना करने पी.एम.श्री सेजेस क्रमांक-1 जांजगीर से हरी झण्डी दिखाते वक्त भाजपा नेता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कही। उन्होने आगे कहा इस तरह की शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों मे ज्ञानवर्धन, व्यवहारिक अनुभव, सामाजिक कौशल विकास, स्वतंत्रता और आत्म निर्भरता और मूल्य शिक्षा का विकास करना है। इंजीनियर पाण्डेय ने सभी विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक ज्यादा से ज्यादा जानकारी अर्जित करते हुए उनको यात्रा की शुभकामनाएं दिये साथ ही साथ बस ड्राइवर और कन्डक्टर को सुरक्षित वाहन चलाने की हिदायत दी। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि अमित यादव, प्रभाकर तिवारी सहित भ्रमण प्रभारी प्रदीप शर्मा सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा श्रीमती मंजुला पाण्डेय व्यायाम शिक्षक, अमित गौरहा भृत्य आत्मानंद सहित यात्रा मे शामिल विद्यार्थी युवराज चैबे, अमन बानी, संतोषी धीवर, श्रुति साव, माधुरी आर्य, दिव्या गढ़ेवाल, शुभम दिवाकर, हरीश चैहान, करण बंजारे, रागिनी धिवर उपस्थित थे।

भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक बने अनिल शर्मा

जांजगीर नैला। भारतीय जनता पार्टी के जांजगीर चाम्पा के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने विगत दिनो अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला कार्यसमिति की सूची जारी की जिसमे उन्होंने पार्टी के महत्वपूर्ण विभाग सूचना तकनीक का दायित्व भारतीय जनता पार्टी के वर्षो से जुड़े हुए कार्यकर्ता अनिल शर्मा को सौंपी है अनिल की छवि शुरु से ही पार्टी में निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ता की रही है वे पूर्व मे भी पार्टी में विभिन्न दायित्वो का निर्वहन कर चुके है वे करीब दो दशको से पार्टी से जुड़कर जनहित के मुद्दो पर अनेको लड़ाई लड़े है चुनावो मे भी उन्होंने पार्टी के पक्ष मे सदैव निष्पक्ष होकर काम किया है संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने उन्हे आई टी सेल के जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है

भवन बनने तक लाइवलीहुड व जिला अस्पताल में चलेगा मेडिकल कॉलेज

जांजगीर। जिले में मेडिकल कॉलेज शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। कुटरा में प्रस्तावित नए मेडिकल कॉलेज के निर्माण तक अस्थायी रूप से लाइवलीहुड कॉलेज और जिला अस्पताल परिसर के जीएनएम संस्था के भवनों में मेडिकल कॉलेज चलाया जाएगा। लाइवलीहुड कॉलेज में मेडिकल के छात्रों की कक्षाएं लगेंगी। उनके रहने की व्यवस्था जिला अस्पताल के जीएनएम भवन में की जाएगी। मेडिकल कॉलेज के लिए इन भवनों को औपचारिक रूप से आवंटित किया गया है। यह भवन कॉलेज के उपयोग में रहेंगे, लेकिन किसी विभाग को जरूरत होगी, तो भवन खाली करना होगा। कॉलेज की होगी बिजली और पानी की व्यवस्था भवनों की बिजली, पानी और अन्य व्यय का वहन मेडिकल कॉलेज करेगा। इन भवनों में स्थायी निर्माण नहीं किए जाएंगे। भवनों का रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन को सौंपी गई है। शहर से 13 किमी दूर खुलेगा मेडिकल कॉलेज जांजगीर से करीब 13 किमी दूर कॉलेज शुरू करने की तैयारी है।

नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

जांजगीर चांपा । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशन एवं तत्वाधान में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल का अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा इस आयोजन के माध्यम से लोगों को सौहार्द पूर्ण समाधान की ओर प्रेरित कर रहा है। लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां सालों से लंबित विवादों का निपटारा पक्षकारों की आपसी समिति से मिनटों में हो जाता है।

प्राधिकरण ने जन सामान्य से अपील की है कि वह इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएं। प्राधिकरण इस लोक अदालत की सफलता के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर रहा है। दूर तो दो और कैंपेनिंग के साथ ही, गाड़ी में प्रचार प्रसार, लोक अदालत से संबंधित पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा के फेसबुक के माध्यम से भी लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, दीवानी मामले, चेक बाउंस के मामले, धन वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा और ट्रैफिक चालान सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का निराकरण किया जाएगा।

ऐसे मामले जो अभी तक न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए हैं, उन्हें प्री लिटिगेशन के माध्यम से भी निपटाया जाएगा। इनमें बैंक वसूली, विद्युत बकाया, जल एवं संपत्ति कर बकाया, तथा टेलीफोन बिल जैसे विवाद शामिल हैं। लोक अदालत की खंडपीठ जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर, तालुका न्यायालय चांपा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़, शक्ति, मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर के साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठो का गठन किया गया है।

पाली के राकेश और भगत का आरक्षक पद पर चयन

सिवनी। ग्राम पाली के दो युवकों का पुलिस आरक्षक पद पर चयन हुआ है। राकेश सूर्यवंशी और भगत सिंह पटेल दोनों ने एक साथ पुलिस बल में जगह बनाई है। दोनों ने भर्ती की तैयारी गांव के मैदान में मिलकर की थी। गांव वालों ने बताया कि वे रोज सुबह एक साथ मैदान में अभ्यास करते थे और एक-दूसरे को प्रेरित करते थे। उनकी दोस्ती और समर्पण ने इस कठिन राह पर उन्हें मजबूत बनाए रखा। गांव में दोनों के चयन से खुशी का माहौल है ।

सिंघरा के लोगों ने की उपतहसील, पुलिस चौकी की मांग

मालखरौदा। अनुविभाग के सिंघरा ग्राम के ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री व जिला सक्ती के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से भेंट कर उपतहसील और पुलिस चौकी संचालित कराने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में इन दोनों महत्वपूर्ण संस्थाओं को खोलने का आदेश दिया जा चुका है, लेकिन अब तक केवल कागजों में ही कार्रवाई हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पर्याप्त जमीन उपलब्ध होने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह काम शुरू नहीं हो सका है, जो क्षेत्र के विकास और सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

कब होगी गारंटी पूरी, कर्मचारी फेडरेशन कई मांगों को लेकर उतरेगा सड़कों पर

जांजगीर चांपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के आह्वान पर प्रदेश के पांच लाख कर्मचारी अधिकारी वेतन विसंगति, मंहगाई भत्ता, सहित ग्यारह सूत्रीय मांगो के समर्थन में मोदी की गारंटी लागू करो अभियान के तहत 29 से 31 दिसंबर को सामूहिक अवकाश लेकर शासन प्रशासन का काम ठप्प कर देंगे।

जांजगीर चाम्पा कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन के जिला संयोजक व्ही एस परिहार एवं महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्री ने संयुक्त रूप से कहा हमारा आंदोलन का यह तीसरा चरण, प्रथम दो चरणों में हमने सरकार को ज्ञापन सौपा, एक दिन का आकस्मिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन किया।

इसके बाद भी राज्य सरकार के अड़ियल रुख के कारण प्रदेश के कर्मचारियों में रोष व्याप्त हो गया है और आंदोलन के लिये मजबूर होना पड़ा है, हमारी प्रमुख मांगे है केंद्र के समान प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंसनरों को देय तिथि से मंहगाई भत्ता देना, डी ए एरियर्स की राशि जी पी एफ खाते में जमा करना, सभी संवर्गों को चार स्तरीय वेतनमान देना, लिपकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक कर लागू करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर समस्त लाभ प्रदान करना, पंचायत सचिवों को शासकीय करण करना, सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियो को तृतीय समयमान वेतन मान देना, नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन देना एवं समय बद्ध, पदोन्नति देना, अनुकम्पा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत की सीमा का शिथलीकरण, केशलेश चिकित्सा सुविधा देना, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन करना, दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करना।

सभी संवर्गों के कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति आयु 65 वर्ष करना।जांजगीर चाम्पा जिले में आंदोलन को सफल करने 17 दिसंबर को फेडरेशन की टीम सभी ब्लॉक मुख्यालय में संपर्क अभियान चलाएगी, व्ही एस परिहार, हरीश गोपाल, जयंत सिंह अकलतरा, अर्जुन सिंह क्षत्री, डॉ व्ही के पैगवार, निधिलता जायसवाल पामगढ़, धर्मेन्द्र यादव, विकास सिंह नवागढ़ एवं राधेश्याम कँवर, विशाल वैभव, संजय राठौर बलौदा में जावेद मंसीद संयोजको से तालमेल कर तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालयों में संपर्क करेंगे।

एसएनपीवी ऑनलाइन नामांकन 26 तक होगा

जांजगीर। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाओं के लिए स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष सहित स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष/अवसर परीक्षार्थियों के ऑनलाइन नामांकन और परीक्षा आवेदन की तिथियां घोषित कर दी हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट snpv.ac.in पर उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टल लिंक के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में आवेदन कर सकेंगे। बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन 26 दिसंबर तक लिया जाएगा। यह तिथि नियमित, निजी, स्वाध्यायी और पूर्व/अंतिम अवसर परीक्षार्थियों सभी के लिए लागू होगी। आवेदन भरने के बाद छात्र-छात्राओं को उसकी हार्डकॉपी, शुल्क भुगतान की रसीद और आवश्यक दस्तावेज महाविद्यालय में 29 दिसंबर तक जमा करनी होगी।

सेमरा में महतारी सदन का निर्माण हुआ शुरू

जांजगीर। सेमरा में महतारी सदन का निर्माण शुरू हो गया है। नवागढ़ ब्लॉक की गौरव ग्राम पंचायत में जांजगीर-चांपा के विधायक व्यास नारायण कश्यप ने 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि यह सदन महिला समूहों की बैठकों, कार्यक्रमों और स्वावलंबन से जुड़ी गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित होगा, जिससे सैकड़ों महिलाओं को लाभ मिलेगा।

केशरी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी खोखरा, जांजगीर के प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

जांजगीर चांपा। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्व विद्यालय भिलाई द्वारा डी फॉर्मेसी प्रथम वर्ष का मुख्य परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । जिसमें केशरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी खोखरा,जांजगीर के डी.फार्मेसी प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में सभी छात्र - छात्राओं ने परीक्षा में

शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई है । विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापकों के मार्गदर्शन को इसका श्रेय दिया जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया है और भविष्य में भी इसी तरह की सफलता की कामना की है।

डी फॉर्मेसी प्रथम वर्ष के फार्मासिस्ट छात्र योगेंद्र कुमार ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नेहा पटेल 83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही,राधारानी 82 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही,यश कुमारी साहू 81 प्रतिशत, नेहा कश्यप 80 प्रतिशत, उमेश पटेल 80 प्रतिशत ,जगदीश कुमार 79 प्रतिशत, बिंदु कश्यप 78 प्रतिशत,विकाश पाण्डेय 78 प्रतिशत, नारायण 78 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट परिणाम से डी फार्मेसी प्रथम वर्ष की परीक्षा में कक्षा में अपना स्थान बनाया । इन सभी के साथ ही देवेंद्र कश्यप , , हेम सिंह, हेमलाल देवांगन,विनीता,दुर्गेश्वरी, तरुण देवांगन, सचिन , ईश्वर प्रसाद, वैभव जयसवाल, अभिषेक कुमार,अनिल पटेल, जगबाई , दिनेश कुमार,मीना ,जैनेंद्र कुमार, विधाता नामदेव,दीनू बंजारे, गणपति दास महंत सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।इस उपलब्धि पर संस्था के संचालक डॉ.सुरेश यादव के ने कहा कि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों के प्रोत्साहन फलस्वरूप अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ और आगे की पढ़ाई में सफलता की कामना की है। फॉर्मेसी महाविद्यालय के प्राचार्य रितेश पटेल ने कहा,यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों के समर्पित प्रयासों का फल है। हम भविष्य में भी छात्रों को बेहतर सुविधाएँ और शोध के अवसर प्रदान करेंगे। इसका श्रेय महाविद्यालय परिवार एवं छात्र - छात्राओं के माता पिता को जाता है। महाविद्यालय से मनोज यादव, हितेश कश्या, ज्योतिरादित्य सिंह, मोहित चौरसिया ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

बुनकर समाज के स्वर्णिम युग को लाने का संगठित प्रयास करना होगा: मोतीलाल देवांगन

जांजगीर चांपा। विगत दिनों गांव लोफंदी, बिलासपुर में सात ग्रांव देवांगन समाज के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन बुनकर समाज की कुलदेवी माता परमेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया था इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोतीलाल देवांगन पूर्व विधायक जांजगीर-चांपा एवं पूर्व अध्यक्ष छ.ग. राज्य बुनकर सहकारी संघ मर्या रायपुर द्वारा दीप प्रज्जवालित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर एवं सभी गांव के सामाजिक मुखिया लोगों का भी शॉल, श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया सभी मुखिया लोगो द्वारा एक स्वर से कार्यक्रम के लिए सभापति पद हेतु ग्राम लोफंदी सरपंच अयोध्या प्रसाद देवांगन का चयन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक सम्मेलन का आयोजन निश्चित रूप से सामाजिक एकता को बल प्रदान करता है हमे माता परमेश्वरी की कृपा से समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रेरणा मिलती है जिससे रचनात्मक कार्य समाज हित में करने में सफलता मिलती है, भारत देश में आजादी से पूर्व बुनकर समाज बहुत संपन्न एवं समृद्ध समाज में गिना जाता था, किन्तु मशीनीकरण के कारण रोजगार में कमी आते गयी। छ.ग. राज्य में बहुत बड़ी आबादी में बुनकर समाज निवास करता है, और सरकार चाहे किसी की भी रही हो हमें अपने राज्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है, किन्तु यह पर्याप्त नही है, और इसका सबसे बड़ा कारण शिक्षा, राजनैतिक जागरूकता संगठित प्रयास और सामाजिक बुराई ही है अब हमें इनके सकारात्मक और नकारात्मक परिणाम को समझना होगा और मुझे विश्वास है कि इस दिशा में यदि समाज के लोग आगे आये तो वह दिन दूर नहीं जब छ.ग. मे बुनकर समाज सभी क्षेत्र में अव्वल स्थिति को प्राप्त करेगा।

आगे देवांगन ने उपस्थित सभी को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए माता परमेश्वरी जी से सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर सात गांव देवांगन समाज के अध्यक्ष जनकराम देवांगन रानीगांव, ग्राम इकाई अध्यक्ष भोला प्रसाद देवांगन आरपांवल, सचिव हनुमान प्रसाद देवांगन आरपांवल (लोफंदीवाले), ग्राम समाज अध्यक्ष लक्ष्मीचंद देवांगन बिलासपुर, शिवकुमार देवांगन तखतपुर, अधिवका आनंद देवांगन मुंगेली, योगेश देवांगन गनियारी, विश्वनाथ देवांगन घुटकू भगवती प्रसाद देवांगन सेंद्री, राकेश देवांगन लोफंदी, इंद्रमणी देवांगन रानीगांव, सूरज देवांगन लखराम, प्रयाग देवांगन नवागांव, संतोष देवांगन अकलतरी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अजय देवांगन तखतपुर, हिरोई देवांगन तखतपुर और उपरोक्त सभी गांव के सजातीय बंधु विशेषकर युवाओं की उपस्थिति सराहनीय रही सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

छ.ग.गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर

निविदा आमंत्रण सूचना चि.क.-41

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में निक्षेप कार्य अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदाना, ब्लॉक पोंड़ी उपरोड़ा, जिला कोरबा में आवासीय भवन का निर्माण कार्य हेतु **प्रथम ऑनलाईन निविदा** एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग कोरबा के मो. नं. 9907285405 पर संपर्क करें।

S-46205/3 उपायुक्त

बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने किया जिला जेल जांजगीर का निरीक्षण

जांजगीर चांपा । कल 12 दिसंबर 2025 उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सि) क्र. - 1404/2023 सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित आदेश में दिए गये निर्देशानुसार बोर्ड आफ विजिटर्स के द्वारा जिला जेल जांजगीर का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान शक्ति सिंह राजपूत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा, मनोज कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर, जन्मेजय महोबे कलेक्टर जांजगीर चांपा, उदयान बेहार उप पुलिस अधीक्षक जांजगीर, अशोक सिन्हा जिला शिक्षा अधिकारी, उमेश कुमार मरकाम मुख्य स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी जांजगीर, ललित मोहन भगत उप संचालक कृषि विभाग, एम आर जयसवाल जिला जिला रोजगार अधिकारी, जेवियत टोप्पो महाप्रबंधक जिला व्यापारी एवं उद्योग केंद्र, मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, डी.डी. टोहर उप जेल अधीक्षक, सत्यनारायण सिंह ठाकुर, विनोद कुमार कश्यप, विष्णु प्रसाद अग्रवाल अधिवका लीगल एड डिफेंस काउंसिल, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल पैरा लीगल वालेंटियर द्वारा जारी आदेश के पालन में बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में जिला जेल लीगल एड क्लिनिक की व्यवस्थाओं, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, बैरकों के निर्माण, मुलाकात कक्ष, बंदियों को प्रदत सुविधा, टॉयलेट की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, शिकायत पेटी, पेयजल की व्यवस्था, बंदियों की कपड़ा की दशा, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों के प्रकरण में आने वाली समस्याओं के संबंध में जायजा लिया गया।

अलग-अलग जगह से 197 क्विंटल धान जब्त

जांजगीर। समर्थन मूल्य पर उपार्जन के बीच मंडी क्षेत्र में अवैध धान की आवाजाही थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कई स्थानों से कुल 197 क्विंटल अवैध धान जब्त किया। तहसीलदार शशिभूषण सोनी के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम सुबह से ही सक्रिय रही।ग्राम तागा के करमा चौक में संयुक्त टीम ने मेटाडोर (407) क्रमांक सीजी-11 एबी 1351 को रोका। वाहन में 90 कट्टी (36 क्विंटल) धान लदा हुआ था। पूछताछ में धान का मालिक हरिराम साहू, नवागढ़ बताया गया। वह इस धान को सेवा सहकारी समिति उपार्जन केंद्र तागा में राजेश कुमार कौशिक के टोकन में खपाने की तैयारी में था। टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए धान और वाहन दोनों को जब्त कर लिया। दिनभर चली कार्रवाई में टीम कुल 493 कट्टी यानी 197 क्विंटल अवैध धान कब्जे में लेने में सफल रही। टीम यहीं नहीं रुकी। दोपहर तक अधिकारियों ने कई गांवों में दबिश देकर और भी मात्रा में अवैध धान बरामद किया।ग्राम कुथूर (नवागढ़) से 40 कट्टी (16 क्विंटल), कुटरा ग्राम में बलराम सूर्यवंशी से 50 कट्टी (20 क्विंटल), खोखरा, जांजगीर में नारायण गिरी गोस्वामी से 40 कट्टी (16 क्विंटल), नवापारा (पेंड्री) में कृष्ण कन्हाई से 220 कट्टी (88 क्विंटल), ग्राम कटघरी में शेष नारायण नायक से 53 कट्टी (21 क्विंटल) धान जब्त किया गया। इसी दौरान नवागढ़ के हरिराम का एक और 36 क्विंटल धान से लदा वाहन भी पकड़ में आया। मंडी निरीक्षण दल के अनुसार यह अभियान समर्थन मूल्य पर खरीदी को पारदर्शी व व्यवस्थित रखने चलाया जा रहा है।

महिला के गले-कान से जेवर लूटे,

जांजगीर-चांपा। जिले के चांपा बस स्टैंड के पास 10 दिसंबर की शाम चार अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर महिला से मारपीट की। उन्होंने महिला के गले और कान से सोने-चांदी के जेवर लूटे और मौके से भाग गए।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

रा.प्र.क-202511063900009/अ 27/25-26 ग्राम-कुटरा

जांजगीर, दिनांक 09/12/25

क्र.Q/ क/ अति.तह./25

ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क.-202511063900009/अ,27/25..26 में आवेदक नरेंद्र, छोटेइ आ. नीलकंठ निवासी ग्राम-धारासिव द्वारा ग्राम पारधिपत विक्रा भूमि ख.नं. क्रमशः 1451/2, 1451/3, 3074/2 3093, 3188/4, 32333290/645 खाता विभाजन 322.5/4, 3225/10, 3233, 3290/6 कुल रकबा 4.56 एकड़ पर खाता विभाजन कराए करने हेतु विधिवत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें हितबद्ध पक्षकार चंदिद,रविंद्र, राजेंद्र, सविता, सुनीता, ममता सभी का पिता नीलकंठ, रोहित शातिबाई पिता विजयराम, अनीता पिता होरीलाल की प्रकरण में नियत तिथि 19.12.25 को अपना पक्ष रखने उपस्थिति हेतु सूचित है।

अतः पक्षकारक से सूचना प्राप्त कर हितबद्ध पक्षकारों को सूचना प्रकाशन कर प्रकाशन की प्रति न्यायालय को प्रेषित करें।

नायब तहसीलदार जांजगीर

चौक-चौराहों पर लगाए गए डस्टबिन टूटे, फैल रही गंदगी

जांजगीर। शहर के विवेकानंद मार्ग, पटेल गार्डन सहित अन्य स्थानों पर लगाए गए डस्टबिन टूट गए हैं। कई जगहों से डस्टबिन गायब भी हो चुके हैं। लोग कचरा जमीन पर ही फेंककर चले जा रहे हैं, जिसके कारण हवा चलने पर कचरा इधर-उधर फैलकर दुर्गंध पैदा कर रहा है। यह शहर का व्यस्ततम मार्ग है ।

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

फोन/फैक्स नं. 07815-250157 //नीलाम सूचना//

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में नीलाम दिनांक 22.12.2025 को रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ लट्टा/व्यापारिक बांस/औद्योगिक बांस का ई-अक्शन द्वारा निबंर्ध किया जावेगा। इच्छुक बोलीदाता से अनुरोध है कि ई-अक्शन में भाग लेवें। ई-अक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/काष्ठागार कसनिया से प्राप्त की जा सकती है।

विवरण

क्र.क.	प्रजाति	पिछले नीलाम का शेष		नया वनोपज	
		लट्ठा घ.मी.	बल्ली /डंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/डंगरी नग
1	सागौन	306.405	5547	22.120	181
2	साल	3577.836	3341	151.610	225
3	बीजा	128.293	140	15.777	5
4	तिंसा	0.000	0	0.000	0
5	शीशम	0.000	0	0.000	0
6	खमार	1.281	32	0.000	0
7	हल्दू	10.442	13	0.000	0
8	सलाई	63.462	233	1.520	0
9	धावड़ा	6.296	37	1.957	0
10	सलिया	1.953	0	0.000	0
11	जीलगिरी	0.000	0	0.000	0
12	शीशू	0.000	0	0.000	0
13	अन्य	514.349	1112	10.918	0
14	तेंदू	9.497	7	0.000	0
	योग (काष्ठ)	4619.814		10462	203.902
41					
14	सागौन जलाऊ	0	चट्टा	0	चट्टा
15	सलकटा जलाऊ	324	चट्टा	74	चट्टा
16	बरी जलाऊ	0	चट्टा	0	चट्टा
17	जीलगिरी	0	चट्टा	0	चट्टा
18	सलिया जलाऊ	5	चट्टा	0	चट्टा
	योग (जलाऊ)	329	चट्टा	74	चट्टा
19	व्यापारिक बांस (बांस)	0	नग	0	नग
		0.000	घी.टन	0.000	घी.टन
20	औद्योगिक बांस (बंडल)	348	बंडल	0.000	बंडल
		2.899	घी.टन	0.000	घी.टन
	योग (बांस)	2.899	घी.टन	0.000	घी.टन
निस्तार दिपो पाली में रखे जाने वाले जलाऊ की जानकारी					
21	सलकटा जलाऊ	0	चट्टा	0	चट्टा

जी-252605396/5

वन मण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा

अनमोल वचन.....

जब यह स्पष्ट हो जाए कि लक्ष्यों तक नहीं पहुंचा जा सकता, तो लक्ष्यों को समायोजित न करें, बल्कि कार्रवाई के चरणों को समायोजित करें।

भारत और रूस की दोस्ती असीमित

कुल मिला कर द्विपक्षीय संबंध रूस के पक्ष में बेहद झुका हुआ है। उसका क्या समाधान पुतिन पेश करेंगे। उधर रूस और चीन के हित एक दूसरे के संपूरक बने हुए हैं, जबकि यह पहलू भारत के नजरिए एक समस्या है। नई दिल्ली आने से ठीक पहले व्लादीमीर पुतिन ने भारत- रूस के संबंध के बारे में अपना टेम्पलेट सामने रखा है। उन्होंने संदेश दिया कि वे भारत से वैसी ही 'असीमित दोस्ती' चाहते हैं, जैसी उन्होंने चीन के स्थापित की है। पुतिन ने कहा- 'चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमने आर्थिक मुद्दों पर ठोस वार्ता कायम की है। भारत यात्रा के दौरान हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इन मुद्दों पर विस्तार से बातचीत करेंगे। इनमें रूसी बाजार में भारतीय उत्पादों का आयात बढ़ाना भी शामिल है।'

यही संदेश देने के लिए क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने भारतीय पत्रकारों से ऑनलाइन बातचीत की। उन्होंने कहा- 'हमारा चीन के साथ असीमित सहयोग बना है। भारत के बारे में भी हमारा वही रुख है। रूस वहां तक जाने को राजी है, जहां तक भारत तैयार हो।' पेस्कोव ने संकेतों में यह भी कहा कि भारत को रूस से अपने संबंध तय करने में अमेरिकी हस्तक्षेप का ख्याल नहीं करना चाहिए। उन्होंने एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली और सुखोई-57 लड़ाकू विमान भारत को बेचने की पेशकश की। उम्मीद जताई भारत रूस से कच्चा तेल खरीदता रहेगा। मगर भारत में चिंता यह है कि ये रूसी मंशाएं पूरी हुईं, तो उसका खराब असर अमेरिका से रिश्तों पर पड़ेगा। फिर बढ़ते व्यापार घाटे की भारत की अपनी चिंताएं भी हैं। भारत इस समय रूस को जितना निर्यात करता है, उससे लगभग 17 गुना ज्यादा आयात कर रहा है। इसके अलावा अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 तक भारत में प्रत्यक्ष रूसी निवेश महज 1.33 बिलियन डॉलर का हुआ, जबकि रूस में 12.8 बिलियन डॉलर का भारतीय निवेश हुआ है। तो कुल मिला कर द्विपक्षीय संबंध रूस के पक्ष में बेहद झुका हुआ है। उसका क्या समाधान पुतिन पेश करेंगे। दरअसल, रूस और चीन के हित संपूरक बने हुए हैं, जबकि यह पहलू भारत के नजरिए एक समस्या है। इस कारण भारत-चीन विवाद में रूस निष्पक्ष रुख लेने की स्थिति में नहीं रह गया है। ये सारे वो पेच हैं, जिन्हें खोले बिना भारत और रूस की दोस्ती शायद असीमित रूप ना ले पाए।

राशिफल

मेष राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप परिवारवालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिए आगे आ सकते हैं। पैसों को लेकर आपकी समस्या दूर होगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से संबंधित हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी इंडोर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज आप किसी बच्चन के दोस्त से मिलेंगे, कुछ पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। करीबी रिश्तेदार आपको अच्छी खबर देंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा।

सिंह राशिः आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। अपनों की मदद के लिए आप हमेशा तैयार रहेंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर करने जाने का प्लान बनाएंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे, जहां उनका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद ले सकते हैं। घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आवेंगे। रिश्ते और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे। इंजीनियर्स को किसी कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा फायदा होगा।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उन्हें किसी शादी समारोह में अपना लाइफ पार्टनर मिल सकता है। आज घर का माहौल अच्छा रहेगा।

मकर राशिः आज का दिन जीवन में आराम मोड लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। किसी नये बिजनेस की शुरुआत के लिए लोन लेने के बारे में विचार करेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी। आपको नतीजों की जरूरत फिक्र ना करते हुए अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

मीन राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा।

मैकाले के बच्चे ही आज भी भारत के बिल भर रहे

//सतीश झा//

भारत की एकमात्र अनलूटेबल संपत्ति वह पतली परत है—अंग्रेज़ी-फ्लुएंट, विश्लेषणात्मक रूप से प्रशिक्षित दिमागों की—जिसे मैकाले ने जन्म दिया था। बाकी कोयला, खनिज, नदियाँ—हमने ही चुरा लिए, बर्बाद किए, या लाल फ़ीते में कसकर बांध दिए। इतना सब होने के बावजूद हमने इसके साथ क्या किया? लगभग कुछ नहीं—बल्कि उल्टा किया। एक असहज सच है, जिसे बोलते ही या लिखते ही कथित देशभक्त व्हाट्सऐप ग्रुप का दरवाज़ा बंद हो जाएगा। पर सच से आँख चुराने का कोई फायदा नहीं है। आधुनिक भारत आज भी उसी ईंधन पर चल रहा है, जिसे 1835 में थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने हमारी नसों में उतारा था। यह कोई अकादमिक तर्क नहीं, यह जमीन की वह कठोर हकीकत है। और यह हकीकत बताती है कि आईटी एक्सपोर्ट से लेकर फार्मा पेटेंट तक, रिज़र्व बैंक से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक, वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं से लेकर वैश्विक स्टार्ट-अप बोर्डरूम तक—भारत की जो भी आधुनिक मशीनरी चल रही है, उसका अस्सी फीसदी इंजन उसी अंग्रेज़ी शिक्षा और विश्लेषणात्मक प्रशिक्षण से पनपा जिसे मैकाले ने अपने मिनटखा कि नोट में दर्ज किया था।

मैकाले तब महज़ 34 साल का था, भारत में चार साल भी पूरा नहीं काट पाया, फिर भी उसने कॉलोनी को बदल देने वाली वह अवधारणा गढ़ दी जिसने आगे चलकर पूरे राष्ट्र, भारतीयों के के बौद्धिक खाके को आकार दिया।

मैकाले ने साफ कहा था कि उसे ऐसी प्रशासकीय जाति चाहिए जो खून और रंग से भारतीय भले हो पर स्वाद, विचार, चरित्र और बुद्धि से अंग्रेज़। उसने जो माँगा, इतिहास ने वैसा ही बना दिया। आज हमारे बौद्धिक पिरामिड की ऊपर की 15-20 प्रतिशत परत—जिसे आप चाहें तो मैकाले के बच्चे कह लें वह भारत का सबसे ज्यादा टैक्स उत्पन्न करती है, ज़्यादातर फॉरेन एक्सचेंज कमाती है, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की लगभग सारी उपलब्धियों को आकार देती है, और दुनिया में भारत की साख का सबसे बड़ा जनक है।

बाकी 80 प्रतिशत मेहनतकश भारत पर इसका कोई मान नहीं; यह उस आर्थिक सच्चाई का नाम है जिसमें हम अभी भी रहते हैं। यह सच्चाई यह है कि भारत की प्रति व्यक्ति आय आज भी बोत्सवाना और गैबन जैसे देशों से कम है—वे देश जो तेल, हीरों और प्राकृतिक संपदा के महासागरों पर टिके हैं, जबकि हम दुनिया की सबसे कम उपयोग की गई मानवीय प्रतिभा पर टिके हैं।

मैकाले के आलोचक सदैव रहे-गांधी की पीढ़ी से लेकर आज की सत्ता तक। और वे एक बिंदु बिल्कुल ठीक उठाते हैं- यह शिक्षा-प्रणाली नवोन्मेषी दिमाग नहीं बनाती, बल्कि एक क्लर्की जाति बनाती थी और है। यह भारतीय भाषाओं की प्रतिभा को दबा गई, इसने शिक्षा को ज्ञान की बजाय सामाजिक प्रतिष्ठा का टोकन बना दिया, और पीढ़ियों को पश्चिमी मान्यता के लिए लालायित कर दिया।

यह सब सच है। लेकिन आलोचक यहीं रुक जाते हैं, जबकि वाक्य अधूरा इसी वजह से रह जाता है कि वे यह नहीं कहते कि—यदि यह ढांचा न होता तो क्या होता। सच्चाई यह है कि यदि मैकाले की वह प्रशासनिक रीढ़ न होती, तो 1947 में 28 रियासतों और 565 जागीरों वाला यह उपमहाद्वीप एक गणराज्य के रूप में एकसाथ खड़ा ही नहीं हो पाता। हमारे पास बॉम्बे प्लान जैसी औद्योगिक कल्पना लिखने वाले अभियंता नहीं होते, 1974 में परमाणु परीक्षण करने वाले वैज्ञानिक नहीं होते, और 1991 में अपने ही संकट से जूझते हुए आईएमएफ को ठोस अंग्रेज़ी तर्कों के साथ यह मनाने वाले अर्थशास्त्री नहीं होते कि भारत को सांस लेने दीजिए, हम अपनी अर्थव्यवस्था को खोलेंगे।

गणतंत्र दिवस पर जिस भी उपलब्धि का हम झंडा उठाते हैं, उसकी कहानी को ध्यान से पढ़िए—आप पाएँगे कि उसके लेखक, उसके तकनीकी दिमाग, उसके मुख्य संचालक, वे ही थे जिन्हें मैकाले ने कभी अपनी प्रशासकीय जाति के लिए कल्पना किया था।

ज़रा दुनिया के नक्शे में एक और उदाहरण देखिए। अफ्रीका में भारत के मुकाबले दस गुना अधिक खनिज-संपदा है, दो गुना ज़मीन है, और वहाँ उपनिवेशी भाषाई दखल भी भारत जितना गहरा नहीं था। फिर भी उप-सहारा अफ्रीका की प्रति व्यक्ति आय भारत से अधिक है। क्यों? क्योंकि खनिज और प्राकृतिक संपदा को तानाशाह और ताकतवर लूट सकते हैं, मानव पूंजी को कोई नहीं लूट सकता। भारत की एकमात्र अनलूटेबल संपत्ति वह पतली परत है-अंग्रेज़ी-फ्लुएंट, विश्लेषणात्मक रूप से प्रशिक्षित दिमागों की-जिसे मैकाले ने जन्म दिया था। बाकी कोयला, खनिज, नदियाँ-हमने ही चुरा लिए, बर्बाद किए, या लाल फ़ीते में कसकर बांध दिए।

इतना सब होने के बावजूद हमने इसके साथ क्या किया। लगभग कुछ नहीं-बल्कि उल्टा किया। पिछले अट्ठहत्तर वर्षों में हमारा शिक्षा बजट 4.6 प्रतिशत जीडीपी के आसपास मँडराता है; उसमें से भी ज्यादातर पैसा इमारतों और वेतनों में डूब जाता है, सीखने-सिखाने में नहीं। देश के पाँच प्रतिशत बच्चों को भी दुनिया-स्तरीय शिक्षा नहीं मिलती।

हमारे पास गुणवत्तापूर्ण विश्वविद्यालयों से ज्यादा विश्वविद्यालय नियामक हैं। और हर कुछ साल में एक नया नेता राजनीतिक लाभ के लिए घोषणा करता है-हम मैकाले की आत्मा को दफ़ना देंगे। लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि-क्या हमने वह वैकल्पिक ढांचा बनाया है जो मैकाले की जगह ले सके।

यदि प्रधानमंत्री मोदी सचमुच मैकाले को दफ़नाना चाहते हैं, तो पहले यह साबित करना होगा कि जो प्रणाली वह नापसंद करते हैं, उससे बेहतर प्रणाली वे गढ़ सकते हैं। मैकाले की मशीनरी-जिसे 180 साल से अवमानना, कम फंडिंग, और राजनीतिक बाधाओं का सामना करना पड़ा-फिर भी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचने वाला देश बना गई, और दुनिया के आधे सिलिकॉन वैली को चलाने वाला भारतीय दिमाग़ पैदा कर गई। लेकिन हम स्वतंत्र भारत में 78 साल में यह भी सुनिश्चित नहीं कर पाए कि हमारे आधे बच्चे कक्षा 5 तक सामान्य स्तर की साक्षरता हासिल कर लें।

इसलिए जारी रही नाम बदलने की रस्में, इतिहास-पुस्तकों को दुबारा लिखने की कवायदें, और राष्ट्रवादी सीने ठोकने की परंपरा। पर हर बार याद रखिए-जब कोई भारतीय कंपनी ब्रिटेन का फुटबॉल क्लब खरीदती है, जब कोई भारतीय-अमेरिकी किसी अमेरिकी राज्य का गवर्नर बनता है, जब कोई भारतीय वैक्सीन अफ्रीका के बच्चे को बचाती है-तब मैकाले कब्र में हँस रहा होता है। और जब हम एक भी विश्वविद्यालय को वैश्विक शीर्ष 100 में नहीं पहुँचा पाते, जब हर वर्ष एक नई आईआईटी की प्रतिभा कैलिफोर्निया उड़ जाती है क्योंकि अपने देश में उसके दिमाग़ की भूमि नहीं-तब मैकाले जीत रहा होता है।

असल चुनाव मैकाले बनाम किसी खोई हुई पवित्र भारतीय शिक्षा प्रणाली का नहीं है। चुनाव यह है कि क्या भारत अब वह साहस जुटाएगा कि मैकाले को उसकी ही जमीन पर मात दे-उत्कृष्टता को लोकतांत्रिक बनाकर, विश्व-स्तरीय शिक्षा को कश्मीर से कन्याकुमारी और किबिथू तक हर बच्चे का अधिकार बनाकर, या फिर सदियों तक उसके पुतले जलाते हुए और अपने बच्चों को उन्हीं कोचिंग फैक्टरियों में भेजते हुए जहाँ वही सिखाया जाता है जो मैकाले चाहता था-दुनिया से बेहतर सोचना, उसी भाषा में जो उसने दी।जब तक हम यह चुनाव नहीं करते, तब तक कृपया एंटी-मैकाले प्रवचन किसी और के लिए बचा कर रखिए। हकीकत यह है कि मैकाले के बच्चे ही आज भी भारत के बिल भर रहे हैं-और हम सब, चाहे वाम हों या दक्षिण, भगवा हों या तिरंगा, उस बौद्धिक पूंजी पर जिंदा हैं जिसे हमने कभी फिर से भरा ही नहीं। यह दोष मैकाले का नहीं। यह दोष हमारा है।

अमेरिका ने पाक पर लगाया करोड़ों डॉलर का दाँव बलूचिस्तान के बारूद पर बैठकर सोना खोदेंगे ट्रंप !

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान के सबसे अस्थिर और विद्रोह-ग्रस्त प्रांत बलूचिस्तान में स्थित रिकोडिकतांबा-सोना खदान के लिए 1.25 अरब डॉलर के यूएस EXIM बैंक वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। यह वही परियोजना है जिसे वर्षों से सुरक्षा संकट, राजनीतिक विवाद और बलूच विद्रोहियों की हिंसा ने कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। इस निवेश के साथ निकट भविष्य में 2 अरब डॉलर तक की अमेरिकी मशीनरी और सेवाएँ पाकिस्तान भेजी जाएँगी। अमेरिकी चार्ज द'अफेयर्स नटाली बेकर ने कहा है कि यह परियोजना अमेरिका के लिए 6,000 और बलूचिस्तान में 7,500 नौकरियाँ उत्पन्न करेगी। उन्होंने रिकोडिक को दोनों देशों के लिए लाभकारी आदर्श मॉडल बताया है।

रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा-सोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है। इस परियोजना का 50 प्रतिशत मालिकाना बैरिक के पास है, जबकि पाकिस्तानी संघीय व बलूचिस्तान सरकार का पास 25-25 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्टों के अनुसार इस परियोजना से 37 वर्षों में 70 अरब डॉलर से अधिक मुक्त नकदी प्रवाह उत्पन्न होने की संभावना है।

हालाँकि, सुरक्षा खतरे सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। बलूच विद्रोही गुट लगातार सेना, खनन परियोजनाओं और विदेशी निवेश पर हमले करते रहे हैं। हाल ही में बलूच नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कोई भी विदेशी निवेशक बलूचिस्तान के कब्जे को वैधता देने की गलती नहीं करेगा। बलूच नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष नसीम बलूच ने इसे बलूच जनता की संपत्ति पर पाकिस्तानी कब्जे को बढ़ावा देने वाला कदम बताया।

इसी बीच विश्व बैंक की दुखद्दष्ट, एशियन डेवलपमेंट बैंक और अन्य वैश्विक उधारदाता 2.6 अरब डॉलर से अधिक का वित्त पैकेज जोड़ रहे हैं। साथ ही सऊदी अरब की मनारा मिनरल्स भी 10-20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने पर बातचीत कर रही है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल वही है कि क्या पाकिस्तान इतने लंबे समय तक सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और राजनीतिक स्थिरता की गारंटी दे पाएगा। देखा जाये तो अमेरिकी निवेश ऐसे समय में आया है जब वाशिंगटन चीन-प्रभुत्व वाली खनिज आपूर्ति शृंखलाओं से बाहर निकलने के लिए नए स्रोत तलाश रहा है। फिर भी, रिकोडिक पर यह दाँव एक हाई-रिस्क जुआ माना जा रहा है।

यह भी देखने में आ रहा है कि रिकोडिक में अमेरिकी निवेश सिर्फ आर्थिक सौदा नहीं बल्कि यह भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर फेंकी गई भारी-भरकम चाल है। पाकिस्तान इसे बड़ी जीत बताकर छाती ठोक रहा है पर असलियत यह है कि अमेरिका ने यह पैसा दक्षिण एशिया के सबसे अस्थिर इलाके में आग से खेलने के अंदाज में डाला है। सवाल यह नहीं कि अमेरिका क्यों आया। सवाल यह है कि वह इतना देर से और इतनी जगह पर क्यों आया?

हम आपको बता दें कि यह निवेश उस समय हो रहा है जब बलूचिस्तान में विद्रोह चरम पर है। बलूच नेता साफ चेतावनियाँ दे रहे हैं कि यह निवेश उनके लिए शोषण का नया अध्याय है। बलूच नेता कह रहे हैं कि प्रांत में दशकों से मौजूद असंतोष और सैन्य दमन को देखते हुए कोई भी समझदार निवेशक पहले सौ बार सोचे। लेकिन अमेरिका ने शायद जानबूझकर जोखिम को स्वीकार कर लिया है। ऐसा लगता है कि यह सौदा पाकिस्तानी नहीं, बल्कि अमेरिकी एजेंडे का हिस्सा है। दरअसल, अमेरिका का असली मकसद है चीन को घेराइना। आज की सच्चाई यह है कि दुनिया में तांबा, सोना और अन्य क्रिटिकल मिनरल्स नई सदी का तेल बन चुके हैं। चीन खासकर अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में इस क्षेत्र में भारी पकड़ बना चुका है। अमेरिका बड़ी तेजी के साथ नए स्रोत ढूँढ़ रहा है और पाकिस्तान का रिकोडिक, जो तिब्बती-ईरानी खनिज बेल्ट का हिस्सा है वह अमेरिकी रणनीति में एक खूबसूरत चेकमेट जैसा दिखता है। इसके साथ ही बलूचिस्तान का भौगोलिक महत्व इस कदम को और तीखा बनाता है। ईरान की सरहद पास है, अफ़ग़ानिस्तान की अनिश्चितता बगल में है, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर ठीक सिर के ऊपर है। ऐसे में अमेरिका एक ही प्रहार में चीन को संकेत देता है कि हम अभी भी आपके बगल में मौजूद हैं और आपके बंदरगाह (ग्वादर) के पीछे की जमीन पर निवेश करने की ताकत रखते हैं।

वहीं पाकिस्तान इस निवेश को आर्थिक राहत समझ रहा है, लेकिन असल में वह एक रणनीतिक जाल में फँसता दिख रहा है। देश की सुरक्षा एजेंसियों का इतिहास बताता है कि वह बलूचिस्तान को सेना-प्रभुत्व वाला इलाका मानती हैं। पर विदेशी निवेश वहीं चलता है जहाँ जनता को न्यूनतम सहमति या सुरक्षा मिले। यह दोनों ही पाकिस्तान के पास नहीं हैं। रिकोडिक के लिए न रेल लाइन है, न स्थायी सड़कें, न विश्वसनीय सुरक्षा तंत्र। ऊपर से बलूचिस्तान में हर विदेशी निवेश, चाहे चीनी हो, सऊदी हो या अब अमेरिकी, यह विद्रोही गुटों का प्राथमिक निशाना बन जाता है। सवाल उठता है कि कनाडा की बैरिक गोल्ड इतने वर्षों में हिल-डुल भर नहीं सकी तो अमेरिका किस आत्मविश्वास से यहां आ रहा है।

अमेरिका के इस क्षेत्र में आने से यह भी आशंका है कि चीन-अमेरिका प्रतिस्पर्धा नई तीव्रता पर पहुँचेगी। दरअसल, अमेरिका रिकोडिक को चीन की आपूर्ति शृंखला का प्रभुत्व तोड़ने के लिए इस्तेमाल करेगा। ऐसे में पाकिस्तान दोनों महाशक्तियों के बीच रस्साकशी में फँस जाएगा। इस परियोजना से ईरान भी असहज होगा क्योंकि अमेरिका समर्थित विशाल रणनीतिक परियोजना उसकी सीमा के ठीक पास उभरना तेहरान को बिल्कुल रास नहीं आएगा। साथ ही अमेरिकी परियोजना से अफगानिस्तान का प्रभाव भी बढ़ेगा क्योंकि इसकी सुरक्षा और आपूर्ति रूट तालिबान द्वारा नियंत्रित इलाकों के बेहद करीब हैं। तालिबान इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। साथ ही इस परियोजना से बलूच विद्रोह को नई ऊर्जा मिलेगी। विदेशी निवेश उनके लिए हमेशा दमन के नए प्रतीक के रूप में देखा गया है। परिणामस्वरूप सुरक्षा स्थिति और बिगड़ सकती है।

बहरहाल, यह निवेश पाकिस्तान के लिए आर्थिक संजीवनी नहीं बल्कि शक्ति के वैश्विक खेल में एक गैंबलिंग चिप है। अमेरिका को चाहिए क्रिटिकल मिनरल्स, पाकिस्तान को चाहिए डॉलर, लेकिन बलूचिस्तान को चाहिए न्याय, अधिकार और सुरक्षा जो किसी भी सौदे में शामिल नहीं हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रिकोडिक आने वाले वर्षों में दक्षिण एशिया की नई भू-रणनीतिक लड़ाई का केंद्र बन सकता है। साथ ही अगर पाकिस्तान ने बलूचिस्तान की राजनीतिक समस्या को सैन्य तरीके से संभालने की भूल जारी रखी, तो अमेरिकी निवेश भी उसी तरह डूबेगा जैसे पहले के तमाम विदेशी प्रोजेक्ट डूब चुके हैं। यह सही है कि अमेरिका ने एक बड़ा दाँव लगाया है लेकिन यह भी सच्चाई है कि यह दाँव जितना चमकदार दिखता है, उतना ही बारूद के ढेर पर रखा हुआ है।

तस्वीरों की दुनिया

अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में इंडिगो संकट के बाद देश भर के कई एयरपोर्ट पर हालात सामान्य होने के बाद कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर केबिन क्रू के कर्मचारी।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे, बीच में, 2008 के दंगे के एक मामले के सिलसिले में ठाणे कोर्ट पहुंचे।

जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में, एक चीनी नागरिक हू कोंगहाई को अपने वीज़ा नियमों का उल्लंघन करके लद्दाख और जम्मू और कश्मीर में घुसने के आरोप में हिरासत में लिए जाने के बाद, होटलों और लॉजिंग प्रतिष्ठानों में एक वेरिफिकेशन ड्राइव के दौरान सुरक्षाकर्मी।

नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान टीएमसी सांसदों कीर्ति आज़ाद, सागरिका घोष, शताब्दी रॉय और अन्य ने मनरेगा के बकाए के मुद्दे पर मौन विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कोलकाता में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ लोक भवन तक विरोध मार्च का नेतृत्व किया।

बस्तर जिले के जगदलपुर में प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में बस्तर ओलंपिक्स 2025 के उद्घाटन समारोह के दौरान बॉक्सर मैरी कॉम।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने को मुंबई में तीज़ रोज के नए एंटरप्राइजेज एंड सर्विस टॉवर (नेस्ट)-02 का उद्घाटन किया।

वाशिंगटन में मूसलधार बारिश और बाढ़, आपातकाल की घोषणा, हजारों लोगों को घर खाली करने के आदेश

माउंट वर्नोन, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

अमेरिका के वाशिंगटन प्रांत में कई दिनों से जारी मूसलधार बारिश के चलते बाढ़ आ गई है। सड़कें लबालब हैं। सिएटल और वैंकूवर के बीच ट्रेनों का संचालन निलंबित कर दिया गया है। राज्य में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। हजारों लोगों को घर खाली करने का आदेश का सामना करना पड़ सकता है। नेशनल वेदर सर्विस ने बताया कि वाशिंगटन के कैस्केड क्षेत्र के कई काउंटियों में 24 घंटे में छह इंच तक बारिश हुई है। ओक्वाल्मी पास में छह घंटों में 1.7 इंच बारिश दर्ज की है। कई दिनों तक लगातार भारी बारिश के बाद गवर्नर बाब फर्ग्यूसन ने राज्यव्यापी आपातकाल की घोषणा की।चेताया गया है कि आने वाले दिनों में भीषण संकटों का सामना करना पड़ सकता है। कुछ लोगों को पहले ही ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है, जबकि स्कैजिट काउंटी, जो सिएटल के उत्तर में प्रमुख कृषि क्षेत्र है, ने स्कैजिट नदी के बाढ़ क्षेत्र में रहने वालों को निकासी का आदेश दिया है।

फर्ग्यूसन ने एक्स पर पोस्ट किया, कई क्षेत्रों में विनाशकारी बाढ़ की आशंका है। इस बीच वाशिंगटन नेशनल गार्ड के एडजुटेंट जनरल जेंट वेल्श ने कहा कि नेशनल गार्ड के सैकड़ों कर्मी मदद के लिए भेजे जाएंगे। इंस्टसाइड फायर एंड रेस्क्यू की तस्वीरों में दिखाया गया कि वाहन पेड़ों के तनों, शाखाओं, कीचड़ और पानी से फंसे हैं। अधिकारियों ने यूएस 2 के पहाड़ी हिस्से को भी बंद कर दिया। वाशिंगटन में 17,000 से अधिक लोग बिना बिजली रहने को मजबूर हैं। ब्रिटिश कोलंबिया में प्रमुख राजमार्ग गुरुवार की सुबह बंद कर दिए गए। मूसलधार बारिश से नदियों के रिकार्ड तोड़ने की आशंका है। स्कैजिट नदी माउंट वर्नोन में सुबह लगभग 41 फीट तक पहुंच सकती है। स्कैजिट काउंटी ने गुरुवार को गैर-आवश्यक सरकारी सेवाओं को बंद करने का निर्णय लिया, जिसमें सभी जिला और उच्च न्यायालय की सेवाएं शामिल हैं।माउंट वर्नोन, जो काउंटी का सबसे बड़ा शहर है और जिसमें लगभग 35,000 निवासी हैं, लंबे समय से बाढ़ से प्रभावित रहा है। 2003 में बाढ़ से सैकड़ों लोग विस्थापित हुए थे। अमेरिका-कनाडा सीमा के पास सुमास शहर में बाढ़ का सायरन बजा और निवासियों को छोड़ने के लिए कहा गया। सीमा क्रॉसिंग को दक्षिण की ओर जाने वाली कमर्शियल गाड़ियों के लिए भी बंद कर दिया गया था ताकि लोगों को निकालने के लिए ज्यादा जगह मिल सके।

बड़ा खेल करने जा रहे ट्रंप, गाजा सुरक्षा बल के नेतृत्व के लिए अमेरिकी जनरल को नियुक्त करने की योजना

वाशिंगटन 12 दिसम्बर। ट्रंप प्रशासन गाजा में अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बल (आईएसएफ) की कमान संभालने के लिए एक अमेरिकी दो-सितारा जनरल को नियुक्त करने की योजना बना रहा है। एक्सियोस ने गुरुवार को दो अमेरिकी और दो इजरायली अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है।17 नवंबर को पारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव में शांति बोर्ड और उसके साथ काम करने वाले देशों को गाजा में एक अस्थायी अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बल स्थापित करने का अधिकार दिया गया था। एक्सियोस के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य अधिकारियों को बताया कि ट्रंप प्रशासन आईएसएफ का नेतृत्व करेगा और एक जनरल को इसका कमांडर नियुक्त करेगा। व्हाइट हाउस और पेंटागन ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि गाजा शांति बोर्ड में किन विश्व नेताओं की नियुक्ति होगी, इसकी घोषणा अगले साल की शुरुआत में की जाएगी। प्रस्ताव में शांति बोर्ड को एक अंतरिम प्रशासन बताया गया है, जो हमास आतंकवादी समूह के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए ट्रंप की 20 सूत्री शांति योजना के अनुरूप गाजा के पुनर्निर्माण के लिए ढांचा तैयार करेगा और वित्तपोषण का समन्वय करेगा। एमनेस्टी इंटरनेशनल की एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि हमास की ओर से सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले और गाजा में बंधक बनाए गए लोगों के साथ किए गए अत्याचार मानवता के विरुद्ध अपराध हैं।

देशभर में यूएपीए के लंबित मामलों की होगी समीक्षा सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के मुख्य न्यायाधीश को दिया निर्देश

नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से यूएपीए और उस जैसे अन्य कानूनों के लंबित मामलों की समीक्षा करने के लिए कहा है। कहा कि ऐसे सभी मामलों की समीक्षा की जाए जिनमें आरोपित को खुद को निर्दोष साबित करने के लिए साक्ष्य देने होते हैं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्यों में कार्यरत स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी को निर्देश दिया कि वे इन मुकदमों के आरोपितों को उनके अधिकारों से अवगत कराएं। आरोपितों को बताया जाए कि उन्हें पैरवी के लिए अधिवक्ता की सेवा लेने का अधिकार है। इससे आरोपित को न्याय मिल सकेगा, साथ ही उसके मुकदमे की न्यायालय में तेजी से सुनवाई हो सकेगी। इससे न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या कम होगी। शीर्ष न्यायालय ने कहा, गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और उस जैसे अन्य कानूनों में जिनमें खुद को निर्दोष साबित करने के लिए साक्ष्य देने की जिम्मेदारी आरोपित की होती है, उन मामलों की न्यायालय में सुनवाई की गति बढ़ाई जाए। पीठ ने यह निर्देश 2010 में बंगाल के पश्चिमी मेदिनीपुर जिले में विस्फोट से ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस को दुर्घटनाग्रस्त करने के मामले में पकड़े गए आरोपितों की जमानत याचिका पर सुनवाई में दिया है। इस मामले में सीबीआई ने आरोपितों की याचिका का विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के डीजीपी को आदिवासी युवक की मौत मामले में जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस मामले से संबंधित राजनीतिक कार्यकर्ता को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी है। हई कोर्ट की जबलपुर पीठ ने राजनीतिक कार्यकर्ता गोविंद सिंह राजपूत की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ गोविंद ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की पीठ ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को आदिवासी की मौत से संबंधित हर पहलू की जांच के लिए दो दिनों के भीतर एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया।

यूपी में अब थर्ड पार्टी ऑडिट के बाद ही जारी होंगे फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट, गृह विभाग ने एजेंसी बनाने की दी मंजूरी

लखनऊ, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

भवनों में अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र थर्ड पार्टी आडिट के बाद जारी होंगे। योग्य एजेंसी वर्ष में दो बार अग्नि सुरक्षा का प्रमाण पत्र जारी करेगी। राज्य सरकार ने भवनों के अग्निशमन प्रमाण पत्र पांच वर्ष की अवधि के लिए जारी करने का निर्णय किया है, जिसके चलते गृह विभाग ने एजेंसी बनाने की मंजूरी दी है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार श्रेणी-एक में 45 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले भवन (होटल को छोड़कर), 30 मीटर से अधिक ऊंचाई के अनावासीय भवन, सभी उच्च जाखिम औद्योगिक भवन, 15 मीटर से कम ऊंचाई के सभी औद्योगिक भवन, पांच या उससे अधिक

स्टार वाले होटल, असेंबली भवन, अंडरग्राउंड शापिंग सेंटर, मल्टीलेवल कार पार्किंग, खतरनाक भवन (पेट्रोल, डीजल, सीएनजी आदि) शामिल हैं। श्रेणी-दो के भवनों में 15 से 45 मीटर की ऊंचाई वाले सभी आवासीय भवन, 15 से 30 मीटर की ऊंचाई वाले सभी अनावासीय (व्यावसायिक) भवन, सभी होटल भवन (श्रेणी एक के अतिरिक्त) व सभी मोड्रेट व कम जोखिम वाले औद्योगिक भवन शामिल हैं। जबकि श्रेणी-तीन में अन्य सभी भवन (श्रेणी एक व श्रेणी दो को छोड़कर) शामिल होंगे। नियम-शर्तों के उल्लंघन पर एजेंसी का लाइसेंस निरस्त होगा।

घर में बच्ची को सोता छोड़ शादी में गया परिवार, फिर हुआ ऐसा हादसा

मेरठ। परिवार की एक लापरवाही ने दो साल की मासूम बच्ची की जान ले ली। दरअसल, परिवार के लोग बच्ची को घर में सोता छोड़ गांव में एक शादी समारोह में चला गया था। बिस्तर के पास मोमबत्ती जल रही थी। दो घंटे बाद परिवार के लोग लौटे तो कमरे में आग लगी हुई थी। बच्ची आग में जिंदा जल गई। पीड़ित स्वजन ने बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया। यह दर्दनाक हादसा बुधवार देर रात दौराला क्षेत्र के बड़कली गांव में हुआ। मजदूर रजनीश ने बताया कि पत्नी रानी, बेटे करण और अर्जुन के साथ गांव के एक शादी समारोह में शामिल होने चले गए थे। घर में दो वर्षीय बेटी नायरा सो रही थी। बिजली गुल होने की वजह से चारपाई के पास ही एक मोमबत्ती जला रखी थी।

बिजनौर में भाभी से कहासुनी हुई तो भतीजी का काटा गला और भतीजे को छत से फेंका, मां बचाने को दौड़ी तो...

बिजनौर, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

भाभी से कहासुनी के बाद युवक ने तीन साल की भतीजी की गला रेतकर हत्या कर दी और भतीजे को छत से फेंक दिया। बच्चों को बचाने आई मां से भी आरोपित ने मारपीट की। इसके बाद फरार हो गया है। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है। मंडावली क्षेत्र के राजपुर नवादा गांव का है। गुरुवार को अरुण कुमार मजदूरी करने गया हुआ था। उसकी पत्नी मंजू, तीन वर्षीय बेटी मानवी व चार साल का बेटा मयंक घर पर थे। देर शाम अरुण का छोटा भाई हिमांशु पहुंचा। उसकी किसी बात पर भाभी मंजू से कहासुनी हो गई। इसके बाद हिमांशु ने अचानक भतीजी मानवी पर हमला बोल दिया। धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। इसके बाद भतीजे को भी छत पर ले जाकर नीचे फेंक दिया। परिजन बच्चों को अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने मानवी को मृत घोषित कर दिया। मयंक को ओम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता अरुण कुमार का कहना है कि छोटा भाई शराब का आदी और मानसिक रूप से कमजोर भी है। वह गांव में ऐसे ही घूमता रहता है। आरोपित की अभी शादी नहीं हुई है। अरुण की तहरीर पर आरोपित हिमांशु के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीओ नजीबाबाद नितेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है।

आगरा में साइबर ठगों ने कोल्ड स्टोरेज संचालक की पत्नी से 5.95 करोड़ ठगे

बदमाशों ने ऐसे दिया वारदात को अंजाम

आगरा, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

हर महीने लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने कोल्ड स्टोरेज संचालक की पत्नी को झांसे में फंसाया और तीन इन्वेस्टमेंट एप डाउनलोड कराने के बाद उनसे 5.95 करोड़ रुपये ठग लिए। पीड़िता ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सिकंदरा की पूनम तिवारी ने पुलिस को बताया कि फेसबुक पर एक लिंक आई थी।इसे खोलने पर निवेश के लुभावने आफर मिले। इसके बाद उन्हें वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। हर महीने लाखों रुपये की कमाई के आफर बताए गए।

इसके बाद उन्हें एसबीआई सिक्योरिटी एप, एसडीएएसी एप व स्टैंडर्ड चार्टर्ड इंडिया लिमिटेड एप डाउनलोड कराए गए। उन्होंने अपने चार बैंक खातों से 24 सितंबर से 27 नवंबर के बीच इन एप के जरिये कुल पांच करोड़ 95 लाख 27500 रुपये जमा कराए। उन्होंने एप पर नजर आ रही जमा राशि के साथ ही मुनाफे की राशि को निकालने के लिए आवेदन किया तो मैनेजमेंट फीस की मांग की गई। उसे जमा करने के बाद भी रकम वापस नहीं की गई। ठगी का एहसास होने पर एक दिसंबर को नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। एडीसीपी सिटी आदित्य ने बताया कि साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कराने के बाद ठगी की रकम का बड़ा हिस्सा बैंक एकाउंट में होल्ड करवाया गया है। मामले में जांच जारी है।

पटियाला-सिरहिंद सड़क चौड़ीकरण का सीएम भगवंत मान ने किया औचक निरीक्षण

सामग्री में खामी देख ठेकेदार को नोटिस

फतेहगढ़, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सरहिंद-पटियाला मार्ग को चौड़ा कर रहे ठेकेदार को नोटिस जारी करने के आदेश दिये हैं। वीरवार शाम अचानक सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे सीएम ने कहा कि मौके पर निर्णाम सामग्री की जांच में खामी पाई गई। ग्रामीण आंचल में चुनावी माहौल के बीच सीएम ने यहां शिअद और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए रोजगार और विदेशी निवेश पर भी बात की।वीरवार शाम करीब चार बजे सीएम भगवंत सिंह मान चंडीगढ़ से सड़क मार्ग द्वारा सरहिंद से पटियाला तक गये। रास्ते में उन्होंने सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की जांच करवाई।जिले के गांव रुड़की में उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सड़क निर्माण सामग्री निरधारित गुणवत्ता के मुताबिक नहीं मिली। सीएम के मुताबिक निर्माण सामग्री के मिक्सर का मानक 4.700 किलो प्रति वर्ग फिट निरधारित है। जबकि सरहिंद-पटियाला मार्ग को चौड़ा करने के लिये इस्तेमाल की जा रही सामग्री का मिक्सर 4 किलो से भी कम पाया गया है। सीएम ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर भुगतान रोकने के निर्देश दिये। सीएम का कहना था कि उक्त ठेकेदार द्वारा पूर्व में भी जिन सड़कों का निर्माण करवाया गया है, उनकी भी जांच की जायेगी। जिप व ब्लॉक

समिति चुनावों के बीच जिले के गांव रुड़की में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए शिअद और कांग्रेस पर निशाना भी साधा।

शिअद पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापार शुरू कर बसों के रूट अपनी कंपनियों के नाम कर लिये। जिससे ग्रामीण इलाकों में बस रूट ही बंद हो गये। उन्होंने कहा कि युवाओं को मिनी बसों के परमिट दे कर ग्रामीण अंचल में बसों के रूट बहाल किये जायेंगे। नवजोत कौर सिद्धू के 500 करोड़ वाले बयान को आधार बना उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग पहले जनता का वोट खरीदते हैं फिर मंत्रालयों की बोली लगा लोकतंत्र का गला घोटते हैं। उन्होंने अपने जापान और कोरिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि पंजाब में निवेश आने से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा।सीएम मान ने यहां कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि बहुत से प्राइवेट अस्पताल किसी मरीज की मौत हो जाने के बाद स्वजनों को शव देने से पहले पूरा भुगतान करने का दबाव बनाते हैं। उन्होंने इसे अमानविय व्यवहार बताया। सीएम का कहना था कि अगर कोई प्राइवेट अस्पताल शव देने से पहले भुगतान के लिये दबाव बनाये तो हमें बताएं। पंजाब सरकार ऐसी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करेगी।

जम्मू में 21-23 दिसंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

2 लाख से ज्यादा बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

जम्मू, 12 दिसम्बर ।

जम्मू-कश्मीर को पोलियो उन्मुक्त बनाए रखने के लिए 21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जम्मू जिले में 0-5 साल की उम्र के 2,22,389 बच्चों की पहचान की है, जिनमें से 1,41,256 से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में और 81,133 शहरी इलाकों में हैं। अभियान के दौरान कोई भी बच्चा छूटे नहीं इसके लिए 1258 बूथ, 38 ट्रांजिट प्वांइट, 2516 घर-घर जाने वाली टीमें, 5032 टीम मेंबर, 257 सुपरवाइजर जैसे बड़े प्रबंध किए गए हैं। भीड़भाड़ वाली जगहों, प्रवासी आबादी, झुग्गी-झोपड़ियों, खानाबदोश बस्तियों, इंडस्ट्रियल क्लस्टर और ईंट भट्ठों को कवर करने की भी रणनीति बनाई गई है। यह जानकारी अधिकारियों ने वीरवार को अतिरिक्त जिला आयुक्त जम्मू विधु शेखर को दी जो कि जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

इसमें पल्स पोलियो इम्युनाइजेशन अभियान के लिए जम्मू जिले की तैयारियों की समीक्षा की गई।इस अभियान के दौरान देश भर में पोलियो-मुक्त स्थिति बनाए रखने और हाई इम्युनिटी लेवल बनाए रखने के राष्ट्रीय प्रयास के तहत पांच साल से कम उम्र के बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन दी जाएगी। बैठक में में अधिकारियों ने एडीसी को जिले के लिए एक आपरेशनल प्लान के बारे में बताया जिसमें स्टैटिक इम्यूनाइजेशन बूथ, घर-घर जाकर वैक्सीनेशन अभियान और ट्रांजिट साइट एक्टिविटीज़ की व्यवस्था शामिल थी। यह कहा गया कि हाई-रिस्क वाले इलाकों पर खास ध्यान दिया गया है।

हजारीबाग में आतंकी शहनवाज के घर एनआईए की छापेमारी, प्रिंटर सहित कई इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज जब्त

हजारीबाग,12 दिसम्बर [एजेंसी]।

अक्टूबर 2023 में पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में गिरफ्तार आतंकी मोहम्मद शहनवाज के घर गुरुवार की सुबह पेलावल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दबिश दी।सुबह करीब छह बजे झारखंड एटीएस के साथ पहुंची एनआईए की टीम ने लगभग सात घंटे तक घर की तलाशी ली और उसके पिता सहित परिजनों से पूछताछ की। करीब दो बजे छापेमारी की प्रक्रिया समाप्त हुई।तलाशी के दौरान टीम आतंकी शहनवाज के घर से एक प्रिंटर और कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज अपने साथ ले गई। एनआईए की टीम तीन गाड़ियों में पहुंची थी। अचानक हुई छापेमारी से पूरे पेलावल इलाके में हलचल मच गई। टीम ने घर के सदस्यों से बंद कमरे में पूछताछ की। सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल और एटीएस की टीम भी मौके पर तैनात रही।सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी संदिग्ध आतंकी शहनवाज आलम से जुड़े नेटवर्क की जांच के तहत की गई है। ज्ञात हो कि शहनवाज को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अक्टूबर 2023 में पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में गिरफ्तार किया था। वह मूल रूप से हजारीबाग निवासी

है।2019 में वह हजारीबाग में डकैती और चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ कोर्रा थाना में लूट और छिनतई का मामला दर्ज है। 2020 में जमानत मिलने के बाद उसके आईएस मॉड्यूल से जुड़े होने के तथ्यों का खुलासा हुआ था।हिरासत से फरार होने के बाद एनआईए ने उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। बताया जाता है कि शाहनवाज आलम उर्फ सफीउज्जमा ने पुणे के जंगलों में आतंकी प्रशिक्षण भी लिया था। 2023 में रांची, लोहरदगा और हजारीबाग से एक रेडियोलॉजिस्ट की गिरफ्तारी भी इसी मामले से जुड़ी थी। मिले ताजा इनपुट के आधार पर एनआईए की टीम हजारीबाग पहुंची है।

पूरी छापेमारी गोपनीय रखी गई और अधिकारी किसी भी जानकारी को साझा करने से बचते रहे।आतंकी शहनवाज के घर छापेमारी करने के लिए अहले सुबह करीब छह बजे पहुंची एनआईए की टीम अंधेरे में दिशा-भ्रम की शिकार हो गई। टीम ने शहनवाज के घर के बजाय पहले पड़ोसी दंत चिकित्सक डॉ. जमील के घर दस्तक दे दी।एटीएस और एनआईए के साथ आई सीआरपीएफ की टीम ने पूरे घर को घेर लिया। जब परिजन बाहर आए और स्थिति स्पष्ट हुई, तो एनआईए के वरीय पदाधिकारी ने इसे चूक बताते हुए 'सॉरी' कहा और टीम वहां से शहनवाज के घर की ओर बढ़ गई। हालांकि तब तक इंटरनेट पर डॉ. जमील के घर छापेमारी की अफवाह फैल चुकी थी, जो दिनभर वायरल होती रही

अलकनंदा घाटी में छिपी थी तबाही की दास्तां, विज्ञानियों ने बदरीनाथ क्षेत्र में खोजा मेगाफ्लड का इतिहास

देहरादून । सुरक्षित भविष्य के लिए इतिहास में झांकना भी जरूरी हो जाता है। ताकि पूर्व की घटनाओं और उसके प्रभावों से सीख लेकर भविष्य की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए जा सकें।आइआइटी कानपुर और बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के विज्ञानियों ने अलकनंदा घाटी में इतिहास की ऐसी भीषण बाढ़ों के प्रमाण खोज निकाले हैं, जो जलवायु परिवर्तन के दौर में आगे की नीति बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं।शोध में ल्यूमिनेसेंस बुरियल डेटिंग तकनीक का उपयोग कर यह पता लगाया गया कि बदरीनाथ क्षेत्र में सरस्वती नदी (अलकनंदा की सहायक नदी) के किनारे मेगाफ्लड (अत्यंत भीषण और उच्च वेग वाली विनाशकारी बाढ़ें) कब और कैसे आईं।यह तकनीक पहली बार बड़े कंकड़ों (कबल्स) पर लागू की गई है, जिससे यह समझना संभव हुआ कि भूस्खलन से बनी अस्थायी झीलें कैसे टूटती थीं और उनके टूटने से अचानक आई बाढ़ें सैकड़ों टन पत्थर नीचे घाटियों तक कैसे ले जाती थीं।यह शोध वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान में आयोजित छठी राष्ट्रीय ल्यूमिनेसेंस डेटिंग एंड इट्स एप्लिकेशन कार्यशाला में रखा गया।

शोध में विज्ञानियों ने उजागर किया कि घाटी में 20 मीटर ऊपर तक जमा कंकड़ों की मोटी परत स्पष्ट संकेत देती है कि यह अत्यंत विशाल बाढ़ों का काम है। दरअसल, माणा गांव के पास सरस्वती नदी की दाहिनी ढलान पर लगभग 40 मीटर मोटी तलछट परत मिली। इसमें 03 से 30 सेंटीमीटर आकार के गोल, चिकने कंकड़ के साथ बीच-बीच में महीन बालू-बजरी की परतें और ऊपरी हिस्से में झील तलछट (लेक डिपाजिट्स) शामिल हैं।तथ्य यह बताता है कि यह कोई सामान्य नदी बाढ़ नहीं थी, बल्कि झील टूटने से आई विशाल वेग वाली बाढ़ थी, जिसने भारी पत्थरों को 20 मीटर ऊपर तक उठाकर जमाया।विज्ञानियों ने पाया कि एक बड़े राक एवलांच ने नदी को अवरुद्ध किया, जिससे घाटी में झील बनी। बाद में यह झील अचानक टूटी और बहाव ने बड़े पत्थर, बोल्डर और महीन तलछट को कई किलोमीटर दूर तक पहुंचा दिया।

पालक बनाम केल: इनमें से किसका सेवन सेहत के लिए है ज्यादा फायदेमंद?

सब्जियों को सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है क्योंकि इनमें कई पोषक तत्व होते हैं। हालांकि, पालक और केल जैसी कुछ पत्तेदार सब्जियां ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो सेहत के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती हैं। इन दोनों पत्तेदार सब्जियों में पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है, लेकिन इनमें से एक का सेवन सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद है। आइए जानते हैं कि इन दोनों में से किसका सेवन ज्यादा लाभकारी है।

पालक के फायदे

पालक विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के और आयरन से भरपूर होता है। यह दिल की सेहत को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है क्योंकि इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर में होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। पालक का सेवन ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने, सूजन को कम करने और आंखों की रोशनी को तेज करने में भी मदद कर सकता है।

केल के सेवन से मिलने वाले फायदे

केल को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है और यह विटामिन-के, विटामिन-सी, विटामिन-ए और कैल्शियम का एक अच्छा स्रोत है। केल का सेवन दिल की बीमारी के खतरे को कम करने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। केल में एंटी-ऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा यह पाचन को भी स्वस्थ रख सकता है।

दोनों में से किसका सेवन है ज्यादा फायदेमंद?

पालक और केल दोनों ही सेहत के लिए फायदेमंद पत्तेदार सब्जियां हैं, लेकिन इनमें से पालक का सेवन ज्यादा फायदेमंद है। इसमें मौजूद आयरन और फोलेट गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत जरूरी होते हैं, वहीं इसमें मौजूद विटामिन-सी आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा पालक में केल की तुलना में अधिक फाइबर और कम कैलोरी होती हैं, जो पाचन को बेहतर रखने में सहायक हैं।

पालक और केल से बनाए जाने वाले व्यंजन

पालक से आप कई तरह के व्यंजन तैयार कर सकते हैं, जिसमें पालक का परांठा, पालक की खिचड़ी, पालक का हलवा, पालक की सब्जी और पालक के पकौड़े आदि। वहीं केल का इस्तेमाल स्मूदी से लेकर सूप में किया जा सकता है। आप चाहें तो अपनी जरूरत के हिसाब से इन सब्जियों का सेवन कर सकते हैं, लेकिन इनका सेवन सलाद के तौर पर कच्चा न करें।

डिजिटल क्रिएशन पर बोलीं प्राजक्ता कोली- यहां कोई रोडमैप नहीं, रोलरकोस्टर है

यूट्यूबर और एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने साफ कहा है कि डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का दौर न तो खत्म हुआ है और न ही धीमा पड़ा है, बल्कि पिछले दस साल में यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, तेज और अनिश्चित हो गया है। प्राजक्ता ने कहा, मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगता। यह कम नहीं हुआ है, बस बदल गया है। दस-ग्यारह साल पहले जब हमने काम शुरू किया था, तब सिर्फ लॉन्ग-फॉर्म वीडियो चलते थे। आज लोगों का अटेंशन बस बंट गया है। आज कई नए-नए प्लेटफॉर्म्स आ गए हैं। प्राजक्ता ने साल 2017 के डिजिटल बूम को गेम-चेंजर बताया। उन्होंने कहा, उसी बूम की वजह से आज भारत में इतना काम है कि पहले से कहीं ज्यादा क्रिएटर्स मौजूद हैं। यही कारण है कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल इकॉनमी बन चुका है। हर बड़ा ब्रांड, हर बड़ी कंपनी भारत की तरफ देख रही है और हमारे साथ काम करना चाहती है।क्रिएटर बनने की जर्नी को उन्होंने पूरी तरह अनप्रेडिक्टेबल बताया। प्राजक्ता ने कहा, इस इंडस्ट्री में कोई तय रोडमैप या ब्लूप्रिंट नहीं होता। यह एक रोलरकोस्टर राइड है। कभी लगता है कि तीन-चार अच्छे वीडियो बन गए, जिंदगी सेट हो गई। फिर पांचवां वीडियो आते-आते सब बदल जाता है। इस पागलपन में कोई पैटर्न नहीं, कोई रिदम नहीं। सब कुछ खुद ही करना पड़ता है। उन्होंने यह भी माना कि पिछले दस साल में उनकी सबसे बड़ी सीख यही रही है कि बदलाव को जल्दी अपनाना जरूरी है। उन्होंने बताया, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा यह समझना कि इस समय कौन-सी चीज चल रही है, कौन सी चलनी बंद हो गई और फिर बिना रुके अगली चीज की तरफ बढ़ जाना।

मोनालिसा ने शॉर्ट स्कर्ट में दिए हॉट पोज फैंस को पसंद आया एक्ट्रेस का बोल्ड लुक

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपनी हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर फैंस के बीच तबाही मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है।

ब्राउन क्रॉप टॉप और शॉर्ट स्कर्ट में मोनालिसा बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। मोनालिसा का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। मोनालिसा ने इस लुक में कई सिजलिंग पोज दिए। इन तस्वीरों के साथ मोनालिसा ने कैप्शन में लिखा- कभी-कभी पोज देती हुं।

मोनालिसा ने बेहद ही कम समय में टीवी इंडस्ट्री में अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है।

ये ही नहीं एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट में फैंस के बीच साझा करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हालांकि फैंस को भी उनका ये लुक बेहद पसंद आ रहा है। साथ ही वो उनके लुक पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोग अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते रहते हैं।

मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

सर्दियों में हाई नेक ड्रेस पहनती हैं? इन बातों का रखें खास ध्यान

सर्दियों में महिलाएं हाई नेक ड्रेस पहनना पसंद करती हैं क्योंकि ये न केवल ठंड से बचाती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। हालांकि, इनकी देखभाल करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। सही तरीके से देखभाल करने पर इनकी उम्र बढ़ सकती है और ये हमेशा नई जैसी दिखती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी हाई नेक ड्रेस की देखभाल कर सकती हैं।

ड्रेस को धोने का सही तरीका अपनाएं-हाई नेक ड्रेस को धोने का सही तरीका अपनाना बहुत जरूरी है। हमेशा लेबल पर लिखी धुलाई की दिशा निर्देशों का पालन करें। अगर ड्रेस पर हाथ से धोएं लिखा हो तो उसे हाथ से ही धोएं। गर्म पानी का उपयोग न करें क्योंकि इससे कपड़ा सिकुड़ सकता है और रंग उड़ सकता है। ठंडे पानी और हल्के साबुन का उपयोग करें। इसके अलावा ड्रेस को उल्टा करके धोएं ताकि रंग फीका न हो।

सुखाने का तरीका भी है अहम- ड्रेस को सुखाने का तरीका भी अहम है। कभी भी ड्रेस को सीधे धूप में न सुखाएं क्योंकि इससे रंग फीका पड़ सकता है और कपड़ा खराब हो सकता है। बेहतर होगा कि आप ड्रेस को हवा में सुखाने के लिए किसी हुक या रॉड पर लटका दें। अगर संभव हो तो इसे छायादार जगह पर रखें ताकि प्राकृतिक हवा से यह सूख जाए। इससे आपकी ड्रेस की गुणवत्ता बनी रहेगी और वह जल्दी सूख जाएगी। आयरन करने का तरीका जानें-अगर आपकी हाई नेक ड्रेस रेशम या किसी नाजुक कपड़े से बनी हुई है तो आयरन करते समय खास ध्यान रखें। सबसे पहले आयरन को उल्टे तरफ से करें यानी अंदर की तरफ से आयरन करें। इससे बाहरी सतह पर कोई निशान नहीं पड़ेंगे। अगर आपके पास भाप वाला आयरन है तो उसका उपयोग करें क्योंकि यह सिलवटें हटाने में मदद करता है बिना कपड़े को नुकसान पहुंचाए।

स्टोर करने का तरीका अपनाएं- जब आप अपनी हाई नेक ड्रेस को स्टोर कर रही हों तो ध्यान रखें कि वह पूरी तरह से साफ हो चुकी हो। गंदी ड्रेस में कीड़े लगने का खतरा बढ़ जाता है इसलिए उसे धोकर सुखाने के बाद ही अलमारी में रखें। बेहतर होगा कि आप प्लास्टिक बैग की बजाय कपड़े के थैले में रखें ताकि हवा आ सके और कोई नमी न बने। इसके अलावा समय-समय पर अपनी ड्रेस की जांच करते रहें।हनों का चयन भी है जरूरी-हाई नेक ड्रेस पहनते समय सही गहनों का चयन करना भी जरूरी है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। अगर आपकी ड्रेस साधारण है तो आप उसमें थोड़ा चमक-धमक जोड़ सकती हैं जैसे कि झुमके या चेन पहनकर, वहीं अगर आपकी ड्रेस पहले से ही भारी कढ़ाई वाली है तो साधारण गहने ही चुनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे।

रोशन कनकला, साक्षी म्हाडोलकर की फिल्म मोगली 2025 13 दिसंबर को रिलीज़ होगी

युवा हीरो रोशन कनकवाला अपनी दूसरी फिल्म मोगली 2025 की रिलीज के लिए तैयार हैं। इस

फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संदीप राज ने किया है और इसका निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद ने पीपल मीडिया फैक्ट्री बैनर के तहत किया है। फिल्म ने अपने टीज़र, गानों और ट्रेलर से ही ज़बरदस्त चर्चा बटोर ली है। विशेष रूप से, ट्रेलर, जिसने फिल्म की दुनिया की एक झलक पेश की, को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। मूल रूप से 12 दिसंबर को रिलीज़ होने वाली यह फिल्म अब 13 दिसंबर तक टाल दी गई है, हालांकि प्रीमियर 12 तारीख से शुरू होंगे। निर्माताओं को भरोसा है कि शुरुआती प्रीमियर की चर्चा फिल्म की संभावनाओं को और बढ़ाएगी। रिलीज़-डेट पोस्टर में रोशन कनकला और साक्षी म्हाडोलकर के हंसमुख चेहरे हैं, जबकि बंदी सरोज कुमार एक गंभीर अवतार में नज़र आते हैं। कहानी इन तीन किरदारों के बीच के संबंधों के इर्द-गिर्द घूमती है: मुख्य जोड़ी, जिन्हें आधुनिक राम और सीता के रूप में अपने प्यार के लिए लड़ते हुए दिखाया गया है, और सरोज का किरदार रावण जैसे खलनायक का रूप धारण करता है रोशन कनकला ने फिल्म के लिए अपना पूरा लुक बदल लिया है और इस फिल्म में उन्हें कुछ बेहद रोमांचक स्टंट करते हुए देखा जा सकता है। यह फिल्म एक गहन ड्रामा होने के साथ-साथ एक दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी का भी संगम है। हर्षा चेमुडु एक महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की छायांकन रामा मारति एम ने की है, संगीत काला भैरव ने तैयार किया है। संपादन कोडाती पवन कल्याण ने, प्रोडक्शन डिजाइन किरण मामिडी ने और एक्शन कोरियोग्राफी नटराज मदिगोंडा ने की है।

शब्द सामर्थ्य -255

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. ईसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 254 का हल

गु	मा	न			प	यो	द	
न		ह	क	दा	र		ल	य
ह	वा	ला	त		च		द	म
गा			रा	ज	म	ह	ल	
र	ई	स		ग		स		अ
	मा		प	त	वा	र		ल
ख	न	क	ना		ह	त		बे
स	दा		ह		वा		शो	ला
रा	र				ही	र	क	

सू- दोकू क्र.255

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 254 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4

पुत्र ही निकला माँ का कातिल,चाय नहीं देने पर माँ के खून से बुझाई प्यास

लगातार बढ़ते अपराध से शहर में दहशत का माहौल

चिरमिरी। नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01.(एक). के निवासी प्रार्थी अर्जुन सिंह पिता स्व0 मोहर साय जाति गोड़ उम्र 34 साल निवासी लामीगोड़ा पोड़ी थाना पोड़ी जिला एमसीबी (छग0) का 10.12.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10.12.2025 के सुबह 09.00 बजे आरोपी अर्जुन सिंह सोकर उठा और अपनी मां शांति बाई को बोला कि चाय बनाओ तब आरोपी की मां बोली कि मै क्यो चाय बनाउगी तुम. चाय .बनाकर पी लो कहकर चिल्लाने लगी इसी बात पर गुस्सा होकर आरोपी के द्वारा घर में रखे लोहे का फरसी को निकाला और अपनी मां शांति बाई पति स्व0 मोहर साय जाति गोड़ उम्र 65 साल निवासी लामीगोड़ा पोड़ी थाना पोड़ी जिला एमसीबी (छग0) के बांया गर्दन एवं दाहिना कान के पास कई बार प्राण घातक वार कर मारकर हत्या कर दिया है। जिस पर थाना पोड़ी में अपराध कमाक 109/2025 धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है, जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पोड़ी के द्वारा तत्काल आरोपी को हिरासत में लेकर आरोपी अर्जुन सिंह पिता स्व0 मोहर साय जाति गोड़ उम्र 34 साल निवासी लामीगोड़ा पोड़ी थाना क्षेत्र से पुछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया आरोपी पुत्र अर्जुन सिंह के द्वारा घटना में प्रयुक्त की गई लोहे की फरसी सहित हिरासत में लेकर न्यायिक रिमाण्ड में जेल दाखिल किया गया है। समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पोड़ी निरीक्षक जवाहर लाल गायकवाड़, सउनि शेष नारायण सिंह, कमलेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुरसेन तिर्की, सन्तोष सिंह, विनय तिवारी, प्रदीप पाण्डेय एवं थाना पोड़ी के अन्य स्टाफ ने सराहनीय भूमिका निभाई।

स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

कोरिया। संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में सरपंच सरभोका की उपस्थिति में धान खरीदी केन्द्र कुडेली-सरभोका परिसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरभोका द्वारा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) एवं उच्च रक्तचाप की जाँच की गई।उपस्थित हितग्राहियों को आयुष क्वाथ का वितरण किया गया तथा योग एवं प्राणायाम के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा हेमंत ऋतु में स्वास्थ्य-सुरक्षा के उपाय बताए गए।इस आयोजन में धान खरीदी केन्द्र प्रभारी एवं कर्मचारियों के साथ डॉ. मिथिलेश विश्वकर्मा, शिव साहू, श्री कमलेश जायसवाल तथा अतर साय का सक्रिय सहयोग रहा।

ग्राम पंचायत में विकास हेतु सरपंच सबसे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि-त्रिपाठी

कोरिया बैकुंठपुर। जिला पंचायत मंथन कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अगुवाई में हुई इस समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव और तकनीकी सहायको से एक साथ योजना की प्रगति पर ग्राम पंचायत वार प्रगति का आंकलन किया गया। इस बैठक में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी और उप संचालक पंचायत आशीष सिंह उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत वार प्रगति पर सुधार करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम पंचायत में सरपंच सर्वाधिक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि हैं। शासन ने सभी जनप्रतिनिधियों में केवल आपको राशि आहरण का अधिकार दे रखा है। इसका मतलब है कि आपकी ग्राम विकास में सर्वाधिक जिम्मेदारी है। इसे गंभीरता से लें और प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रत्येक हितग्राही से संपर्क कर आवास बनाने में तेजी लाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक में शामिल तकनीकी सहायको को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य अनुसार प्रगति के लिए निरंतर ग्राम पंचायत में विजिट करें और प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता हेतु निरंतर निगरानी करते रहें। इस बैठक में पहले जनपद पंचायत बैकुंठपुर उसके बाद जनपद सोनहत के सभी ग्राम पंचायत में तकनीकी सहायको को आबंटित ग्राम पंचायत वार प्रगति पर समीक्षा की गई। इनमें कुल स्वीकृत आवास, हितग्राहियों को खातों में दी गई प्रथम किस्त, प्लिंथ लेबल पर जियो टैग, दूसरी किस्त के बाद जिओ टैग और पूर्णता तथा उन्हें प्रति स्तर पर मनरेगा के तहत दिए जाने वाले रोजगार दिवस पर चर्चा कर आवश्यक प्रगति के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बैकुंठपुर जनपद की ग्राम पंचायत डोहड़ा का युक्तधारा पोर्टल पर तैयार किया गया मनरेगा का ग्राम पंचायत प्लान प्रस्तुतीकरण किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने सभी तकनीकी सहायको को इसी तरह तकनीक के उपयोग से कार्यों के चिन्हांकन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बैठक में ग्राम पंचायत वार राज्य विकास प्राधिकरण, पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण आदि विकास योजनाओं के स्वीकृत और अपूर्ण कार्यों की समीक्षा कर लंबित कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान अपेक्षित कार्य नहीं करने वाले कर्तव्य के प्रति लापरवाह चार ग्राम पंचायत सचिवों के वेतन रोकने के निर्देश दिए।

चार माह से ट्रांसफार्मर खराब जिम्मेदार नहीं दे रहा ध्यान

जनकपुर। एमसीबी जिले की भरतपुर विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम बड़गांवकला के बाजार पारा में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले 04 माह से खराब है। अगस्त माह में बारिश के दिनों में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से यह ट्रांसफार्मर जलकर खराब हो गया है। इस खराब ट्रांसफार्मर को सुधारने व बदलने के लिए बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पिछले 04 माह से ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे ग्रामीण जनता अँधेरे में रहने को मजबूर हो रहे है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों द्वारा कई बार बिजली विभाग को सूचना दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद विभाग के जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे गांव के ग्रामीणजन एवं छात्रावास में रहने वाले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही ग्रामीणजनों को रात्रि मे घर से बाहर आवश्यक कार्य के लिए निकलने में असुविधा होती है। बिजली विभाग के जिम्मेदारों द्वारा खराब ट्रांसफार्मर को सुधारने में रूचि नहीं लेने से ग्राम पंचायत बड़गांवकला की सरपंच ने कलेक्टर एमसीबी को पत्र लिखकर जल्द से जल्द खराब ट्रांसफार्मर को सुधार कराने का मांग किया है।

अंबिकापुर में ठंड से शख्स की मौत

अंबिकापुर। अंबिकापुर में खुले में सोए एक व्यक्ति की ठंड से मौत हो गई। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। बता दें कि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया है। इस बीच मौसम विभाग ने सरगुजा, दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर इन चार संभाग के दो से तीन पॉकेट में अगले दो दिनों तक कोल्ड वेव चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

7 शहरों में तापमान 10एष से नीचे पहुंच गया है, जिनमें मैनपाट, अंबिकापुर, पेंड्रा और जगदलपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव शामिल हैं। मैनपाट में रात का पारा 4एष से नीचे चला गया और वहां ओस की बूंदें जमकर बर्फ में बदल गई हैं।

कन्या शाला बैकुंठपुर में छात्राओं को किया गया स्वेटर का वितरण

कोरिया बैकुंठपुर। शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में आज दिनांक 11 दिसंबर 2025 को आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को छमाही परीक्षा के उपरांत कड़ाके की ठंडी को ध्यान में रखते हुए संस्था के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता ने अपने सहयोगी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 52 छात्राओं को स्वेटर प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में विद्यार्थियों को गर्म कपड़ों की कमी से होने वाली कठिनाइयों से बचाना तथा उनके स्वास्थ्य और नियमित उपस्थिति को सुनिश्चित कराना है। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन हर वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर ऐसी उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराता है। विद्यार्थियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है ठंड के कारण कोई भी बच्चा अध्ययन से वंचित न रहे इसी उद्देश्य से स्वेटर वितरण किया गया है।

16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान

एमसीबी। जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य कुमार शर्मा और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आर.के. खाती के मार्गदर्शन में आज नगरपालिका क्षेत्र नागपुर के पंचायत भवन में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत व्यापक जन शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला एमसीबी द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में टीम ने बच्चों और महिलाओं को गुड टच-बैड टच, मानव अधिकार, माहवारी प्रबंधन, शी बॉक्स पोर्टल एवं लिंग आधारित हिंसा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार व्यक्तिगत सुरक्षा, स्वस्थ संवाद और सतर्कता जीवन की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में महिलाओं के कानूनी अधिकार, सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाएँ, घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम, पास्को एक्ट, तथा साइबर अपराध से बचाव संबंधी आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पिपरा के कंवलसाय को बाड़ी में सिंचाई के साथ मिला पेयजल का समाधान

कोरिया बैकुंठपुर। पहले जल के लिए हमेशा परेशान रहने वाले परिवार के पास अब अपना जल संसाधन हो गया है। इससे इनके पेयजल, निस्तार के लिए जल के अलावा सिंचाई का साधन भी हो गया है। सफलता की यह कहानी कोरिया जिले के ग्राम पंचायत पिपरा में रहने वाले कवलसाय के परिवार की है। जिनके जीवन में महात्मा गांधी नरेगा के तहत बने एक कुएँ ने बड़ा बदलाव ला दिया है।

कवलसाय और उनके परिवार के पाँच सदस्यों को, कुआँ न होने के कारण, घर के उपयोग के लिए और पीने हेतु पानी लाने के लिए दूर तक जाना पड़ता था। यह एक दैनिक संघर्ष था जो उनके समय और ऊर्जा की बर्बादी का कारण था। उनकी इस ज़रूरत को समझते हुए, वर्ष 2023-24 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत हुए ग्राम विकास प्रस्ताव में उनकी मांग को जोड़ा गया। तथा 2 लाख 19 हजार रुपये की लागत से 'पिपरा में हितग्राही का व्यक्तिगत कूप निर्माण कार्य' स्वीकृत किया गया। कार्यान्वयन एजेंसी, ग्राम पंचायत पिपरा ने, इस कार्य को मनरेगा के तहत पूर्ण कराया, जिससे न केवल कवलसाय की समस्या का समाधान हुआ, बल्कि स्थानीय श्रमिकों को भी रोजगार मिला। जैसे ही कुआँ बनकर तैयार हुआ, कवलसाय का जीवन पूरी तरह बदल गया। अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि वे अब इस कुएँ से अपनी एक एकड़ बाड़ी में सिंचाई करके सब्ज़ी उत्पादन और गेहूं की खेती भी कर पा रहे हैं। एक परिवार के लिए पेयजल तथा निस्तार के अलावा सिंचाई के पानी की बुनियादी ज़रूरत पूरी करते हुए इस कुंए ने कवलसाय के परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया। पानी की उपलब्धता ने उनके खेत को हरा-भरा कर दिया और उनके जीवन में खुशहाली का माध्यम बन गया है।

मनरेगा में पंजीकृत 89 हजार 466 श्रमिकों का तेजी से हो रहा है ई-केवाईसी

कोरिया। राज्य शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी किया जाना है। विदित हो कि कोरिया जिले में कुल 89 हजार 466 श्रमिक अकुशल रोजगार के लिए योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं। इनके ई-केवाईसी का कार्य तेजी से सभी ग्राम पंचायतों में पूरा किया जा रहा है। पूरे जिले में अब तक 70 प्रतिशत श्रमिकों का आनलाइन पंजीयन कार्य पूरा हो चुका है। यह कार्य इस महीने पूरा किया जाना है। क्या है ई-केवाईसी महात्मा गांधी नरेगा के तहत पंजीकृत जाब कार्ड धारी परिवार के श्रमिक सदस्यों का आनलाइन आधार पंजीयन कार्य उनके बैंक खातों के डिटेल के साथ लिंक हो रहा है। इसके साथ ही आनलाइन हाजिरी के उद्देश्य को लेकर सभी श्रमिकों के चेहरे व आंख की मैपिंग कराई जानी है। जिससे मनरेगा के अकुशल कार्यों में श्रमिकों की उपस्थिति को लेकर पारदर्शिता बढेगी। जिले में कार्य के आंकड़े कोरिया जिले में पंजीकृत श्रमिकों की बात करें तो मनरेगा योजनांतर्गत 89 हजार 466 श्रमिक पंजीकृत हैं। इन सभी के ईकेवाईसी की प्रक्रिया तेजी से पूर्ण कराई जा रही है। अब तक जिले में 63 हजार से अधिक श्रमिकों का ईकेवाईसी कार्य रोजगार सहायकों के माध्यम से पूर्ण कर लिया गया है। यह कुल पंजीकृत संख्या का 70 प्रतिशत से अधिक है।

युवक के साथ मारपीट व अप्राकृतिक अनाचार

रामानुजगंज। रामानुजगंज थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ रायपुर में मारपीट और जबरन उगाही का गंभीर मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, युवक 5 दिसंबर को रोजगार के लिए गुजरात जाने निकला था और यात्रा के दौरान 6 दिसंबर को रायपुर में उतरा। इसी बीच युवक को घर से फोन आया कि रिश्तेदारी में किसी की मौत हो गई है, जिसके कारण उसे तुरंत वापस आने को कहा गया। युवक के पास इस समय वापसी के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे, जिसके चलते वह रायपुर स्टेशन पर ही परेशान बैठा हुआ था। इसी दौरान स्टेशन पर उसकी मुलाकात एक अज्ञात व्यक्ति से हुई। युवक ने अपनी स्थिति बताते हुए उसे फोन पर अपने घर से पैसा मंगाने की बात कही। आरोपी ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह अपने मोबाइल नंबर पर पैसा मंगवा लेता है और बाद में युवक को कैश में दे देगा। युवक के परिजनों ने आरोपी के मोबाइल नंबर पर 200 भेज भी दिए, लेकिन पैसा लेने वाला व्यक्ति अचानक संदिग्ध व्यवहार करने लगा। उसने युवक को राशि देने से मना कर दिया और बहाने बनाते हुए उसे स्टेशन से दूर एक सुनसान स्थान पर ले गया। वहीं उसने युवक के साथ मारपीट की, डराया-धमकाया और अनैतिक यौन कृत्य कर वीडियो बनाकर प्रताड़ित किया।

वाटरशेड महोत्सव

एमसीबी। कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- जलग्रहण विकास घटक 2.0 के अंतर्गत जल संरक्षण एवं भूमि संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विकासखण्ड भरतपुर के ग्राम बेनीपुरा में आज वाटरशेड महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

इम्युनिटी मजबूत करने और सर्दी-जुकाम से त्वरित राहत दिलाने में प्रभावी-डॉ. पुष्पा सिंह

चरचा कालरी। ठंड के मौसम में स्थानीय नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में आयुष पॉलीक्लिनिक ने सेवाएँ विस्तार की पहल करते हुए निशुल्क आयुष काढ़ा' वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मौसम परिवर्तन के दौरान बढ़ने वाले रोगों से आमजन को बचाव प्रदान करना तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ बनाना है।आयुष पॉलीक्लिनिक की प्रभारी डॉ. पुष्पा सिंह ने बताया कि सर्दी के मौसम में शरीर की इम्युनिटी कमजोर पड़ जाती है, जिससे खांसी, जुकाम, बुखार जैसी समस्याएँ तेजी से फैलती हैं। ऐसे में आयुष काढ़ा अत्यंत प्रभावी सिद्ध होता है। उन्होंने बताया किआयुष काढ़ा ठंड के मौसम में स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को स्वाभाविक रूप से बढ़ाता है। काढ़े में सम्मिलित औषधीय तत्व शरीर को भीतर से गर्माहट प्रदान करते हैं, जिससे खांसी, जुकाम, सर्दी व वायरल बुखार जैसी समस्याओं में त्वरित आराम मिलता है। इसके नियमित सेवन से संक्रमणों से बचाव की क्षमता बढ़ती है और मौसम बदलने पर होने वाली छोटी-बड़ी परेशानियों से राहत मिलती है। काढ़े में विभिन्न आयुर्वेदिक दवाओं के साथ गुड़ का मिश्रण शामिल होता है, जिससे इसका स्वाद भी मनभावन और सुगम्य बन जाता है। पॉलीक्लिनिक द्वारा शीत ऋतु में ही आयुष काढ़े का निशुल्क वितरण किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि काढ़े की तासीर अधिक गर्म होने के कारण इसे केवल सर्द मौसम तक ही उपलब्ध कराया जाता है। शीत ऋतु के बाद के बाद मौसम अपेक्षाकृत गर्म होने लगता है, इसलिए काढ़े के सेवन को रोक दिया जाता है। विशेष परिस्थितियों या चिकित्सकीय आवश्यकता पर ही इसके उपयोग की सलाह दी जाती है। आयुष पॉलीक्लिनिक की यह पहल बदलते मौसम में आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में प्रभावी और प्रशंसनीय कदम माना जा रहा है।

अवैध धान परिवहन पर जिला प्रशासन का बड़ा प्रहार

एमसीबी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देश में तथा एसडीएम भरतपुर शशि शेखर मिश्रा के सतत मार्गदर्शन में जिले में अवैध धान परिवहन के खिलाफअब तक की सबसे व्यापक, तेज और प्रभावी मुहिम लगातार जारी है। राजस्व, खाद्य और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें रातभर फील्ड में रहकर सीमावर्ती इलाकों, नदी मार्गों, आंतरिक सड़कों और खरीदी केंद्रों के आसपास चौबीसों घंटे निगरानी बनाए हुए हैं। इसी सघन कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब तक कुल 1800 बोरी धान और 15 पिकअप-ट्रैक्टर वाहन जब्त किए जा चुके हैं, जिन्हें जनकपुर, कोटाडोल और कुंजारपुर पुलिस चौकियों में सुरक्षित रखा गया है।

उप पंजीयक कार्यालय का न अपना कोई भवन न कोई अधिकारी कर्मचारी

रामानुजगंज। यहां के उपपंजीयक कार्यालय को स्थापित हुए लगभग 75 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं फिर भी ना तो कार्यालय का अपना भवन है और ना ही सम्बन्धित कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी। हालांकि आज के लगभग दस वर्ष पूर्व तक उपपंजीयक अधिकारी जरूर पदस्थ थे परंतु वर्तमान में तहसीलदार ही उक्त पद की शोभा बढ़ा रहे हैं। अविभाजित सरगुजा अंबिकापुर के बाद सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला उपपंजीयक कार्यालय रामानुजगंज है। इसे स्थापित हुए शहर में लगभग 75 वर्ष से ज्यादा ही हो चुके हैं परंतु आज तक कार्यालय का अपना भवन नहीं बन पाया है और ना ही उपपंजीयक स्टॉप की नियुक्ति हो पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सन 1950 के पूर्व के स्थापित इस कार्यालय में सन 2015-16 तक उप पंजीयक अधिकारी की पदस्थापना हुई थी जिसमें आखरी उपपंजीयक के रूप में कार्यरत पी.के.वासनिक रहे हैं उनके बाद लगभग एक दशक बीत जाने के बाद भी कोई उप पंजीयन अधिकारी की पदस्थापना नहीं हो पाई है। 2015-16 के बाद यहां के उप पंजीयक कार्यालय अधिकारी का प्रभार तहसीलदार रामानुजगंज ही हुआ करते हैं। वर्तमान समय में रामानुजगंज एवं वाड्राफनगर के पंजीयन संबंधी सैकड़ो कार्य प्रतिदिन रामानुजगंज के तहसील कार्यालय में ही होता है जिसे तहसीलदार रामानुजगंज के द्वारा संपादित किया जाता है ऐसे में आप समझ सकते हैं कि तहसील संबंधी कार्य के लिए आम लोगों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का रहा है गौरवशाली इतिहास

रामानुजगंज। नगर के वार्ड क्रमांक 6 में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्षेत्र का सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। यह विद्यालय आजादी से पूर्व, वर्ष 1934 से लगातार संचालित हो रहा है और सरगुजा संभाग के सबसे पुराने बालक शासकीय विद्यालयों में शामिल है। लगभग 90 वर्षों की अपनी लंबी शैक्षणिक यात्रा में विद्यालय ने उत्कृष्टता और अनुशासन की अनूठी परंपरा को बनाए रखा है।

विद्यालय से जुड़े कई ऐतिहासिक तथ्य आज भी इसकी पहचान को और मजबूत बनाते हैं। यहां से शिक्षा प्राप्त कर असंख्य डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी, सफल उद्यमी, समाजसेवी और राजनेता देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। यह उपलब्धियाँ विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयासों का प्रमाण हैं। विद्यालय के वर्तमान प्राचार्य मुरलीधर पांडे ने बताया कि 1934 से अब तक विद्यालय बिना रुके संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने भवन के साथ-साथ अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन में भी कक्षाएँ संचालित की जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्राप्त हो रहा है। प्राचार्य के अनुसार, विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम हमेशा उत्कृष्ट रहता है। यही कारण है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। गौरवशाली पूर्व छात्र—समाज और राजनीति में भी योगदानविद्यालय के पूर्व छात्रों में कई नाम ऐसे हैं, जिन्होंने क्षेत्र और राज्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। छत्तीसगढ़ शासन के कद्दावर मंत्री गुरमीत चरियार नेताम ने इसी विद्यालय से हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा प्राप्त की। नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के वर्तमान अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने भी 12वीं तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से की और अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत भी यहीं से की।

इसके अतिरिक्त, विद्यालय से पढ़े कई छात्र राज्य प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, स्वास्थ्य विभाग, इंजीनियरिंग क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में उच्च पदों पर कार्यरत हैं और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवल अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए ही नहीं, बल्कि अपने भव्य परिसर और बड़े-बड़े कक्षों के लिए भी प्रसिद्ध है।

वन भूमि का अतिक्रमण और कांग्रेस की राजनीति, विरोध को लेकर उठते सवाल

चिरमिरी। जिले में धर्मांतरण और वनभूमि अतिक्रमण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। ग्रामीण इलाकों में बढ़ते सामाजिक तनाव और प्रशासनिक सख्ती के बाद जहां सभी राजनीतिक दल सक्रिय दिखाई दे रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी का रुख विरोधाभासी और अवसरवादी माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर उठ रहे सवालों और दस्तावेजों के अनुसार, क्षेत्र में कथित धर्मांतरण गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। इसी दौरान वनभूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ने विवाद को और गहरा कर दिया है।

दस्तावेजों के अनुसार, क्षेत्र में बीते दिनों धर्मांतरण की गतिविधियों में तेजी देखी गई है, जिस पर कई गांवों में बैठकें हुईं और स्थानीय समुदायों ने कड़ी आपत्ति जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ संगठन धार्मिक आस्था बदलने के लिए लोगों को प्रलोभन दे रहे हैं, जिसके कारण सामाजिक तनाव बढ़ रहा है। प्रशासन ने भी इस विषय को संवेदनशील मानते हुए खुफिया रिपोर्ट्स जुटाना शुरू कर दिया है। लेकिन इसी गंभीर मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की चुप्पी ने राजनीतिक माहौल को और गर्मा दिया है। ग्रामीण

समुदायों और विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस न तो आरोपों का खंडन कर रही है और न ही आरोपित संगठनों के पक्ष में साफ बयान दे रही है। इस मौन को लोग धर्मांतरण गतिविधियों पर कांग्रेस के अप्रत्यक्ष समर्थन के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी किसी विशेष वर्ग की नाराजगी से बचने के लिए जानबूझकर इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं ले रही। दूसरी ओर, जब प्रशासन ने वनभूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर बनाए गए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया, तो कांग्रेस पार्टी अचानक सक्रिय हो गई। कार्रवाई का विरोध करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन सिर्फ एक विशेष वर्ग को निशाना बना रहा है और वन विभाग की यह कार्रवाई पक्षपातपूर्ण है। कांग्रेस ने कहा कि जिन लोगों के घर तोड़े गए, वे गरीब और असहाय वर्ग से आते हैं, जिन्हें वैकल्पिक व्यवस्था दिए बिना उजाड़ा गया है। पार्टी ने इसे सरकार की 'संवेदनहीनता' और 'राजनीतिक भेदभाव' का उदाहरण बताया। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस का यह विरोध जमीनी सच्चाई से ज्यादा वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है। उनका तर्क है कि अवैध निर्माणों को लेकर कांग्रेस ने कभी पहले कोई शिकायत नहीं की, लेकिन जैसे ही कार्रवाई हुई, पार्टी इसे एक खास समुदाय के हित संरक्षण का मुद्दा बना रही है। इससे कांग्रेस अपने समर्थन आधार को मजबूत करने की कोशिश करती हुई दिखाई दे रही है। राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि धर्मांतरण का मुद्दा वैचारिक रूप से बेहद संवेदनशील है, इसलिए कांग्रेस इससे दूरी बनाकर चल रही है। इससे पार्टी को दोहरा लाभ मिलता है—एक तरफ किसी समुदाय की नाराजगी नहीं झेलनी पड़ती, वहीं दूसरी ओर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को 'भेदभाव' बताकर वह खुद को उनके पक्ष में दिखा सकती है। मनेंद्रगढ़ जिले में इस समय धर्मांतरण और अतिक्रमण दोनों ही विषय समाज और राजनीति के केंद्र में हैं। प्रशासन की कार्रवाई से जहां एक ओर कानून व्यवस्था को सख्त रवैये की कोशिश दिखती है, वहीं कांग्रेस पार्टी के विरोध और मौन ने राजनीतिक परिदृश्य को और उलझा दिया है। ग्रामीणों में भ्रम और असंतोष की स्थिति बनी हुई है, और यह मुद्दा आने वाले दिनों में भी राजनीतिक संघर्ष का केंद्र बना रह सकता है।

भिलाईबाजार नगर मंडल में बैठक कल

कोरबा। भाजपा नगर मंडल भिलाई बाजार के कार्यकर्ताओं की बैठक कल होगी इस बैठक में हर घर स्वदेशी को लेकर चर्चा की जाएंगी मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर ने सभी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया है। जबकि आज हर घर स्वदेशी को लेकर केसाबाड़ी नगर मंडल के कार्यकर्ता एनसीडीसीस्कूल में छात्रों को संबोधित करेंगे। इस संगोष्ठी में श्रीमती मंजू सिंह ,प्रकाश अग्रवाल, राजेश राठौर, श्रीधर द्विवेदी उपस्थित रहेगें। दर्री नगर मंडल के अध्यक्ष मनोज लहरे ने बताया कि हर घर स्व्देशी को लेकर शक्ति केन्द्रों में स्टीगर बांटने का काम शुरू कर दिया गया है। पूरे मंडल में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

***कोरबा।** मुड़ापार वार्ड में शिव महापुराण कथा के लिए आयोजन समिति के द्वारा प्राथमिक तैयारियां की जा रही है। पिछले वर्षों की अपेक्षा आयोजन भव्य हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। समिति में कई लोग शामिल किए गए हैं।

तीन की जान लेने वाले बैगा ने क्या पहले भी किया है ऐसा खेला?

रकम को कई गुना बनाने के चक्कर में जिंदगी से खिलवाड़

कोरबा। सिविल लाइन पुलिस थाना के अंतर्गत कुदरी बरबसपुर के फार्म हाउस में स्क्रैप कारोबारी अशरफ, नितीन रात्रे और सुरेश साहू की जिंदगी एक ग्रामीण बैगा के चक्कर में हमेशा के लिए शांत हो गई। बैगा ने क्या पहले भी और भी जिंदगियों का ऐसा ही हश्र किया, इसका जवाब मिलना बाकी है। अब तक की पूछताछ में खास चीजें सामने नहीं आ सकी है। बैगा के इस पाखंड में औन किनकी भूमिका थी, यह उजागर होना भी बचा हुआ है। जबकि घटनाक्रम में तीन लोगों की मौत से जुड़े असली कारण के लिए शार्ट पीएम रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

कुदरी में वर्ष 2025 में अब तक के सबसे बड़े दिल दहला देने वाले इस हत्याकांड ने जहां लोगों को भीतर तक झिंझोड़ कर रख दिया वहीं पुलिस के लिए चुनौतियां पैदा कर दी। इसके अलावा उन लोगों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया जो किसी भी कारण से बैगा-गुनिया का सहारा झाड़फूंक व अन्य कार्यों में लेने को लेकर अमादा रहते हैं। कोरबा के सिविल लाइन पुलिस थानातंर्गत कुदरी में स्क्रैप कारोबारी अशरफ मेमन के फार्महाउस में बुधवार की शाम के बाद हुए हैरान करने वाले घटनाक्रम में एक के बाद एक तीन जिंदगियों का खूनी अंत हो गया।

इस मामले में अब तक स्पष्ट रूप से यह जानकारी पुलिस की ओर से नहीं मिल सकी है कि प्रकरण में बैगा के अलावा और किनकी भूमिका थी और कितने संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इस बारे में जानकारी किस स्तर से मिलेगी, यह भी स्पष्ट नहीं है। यह जरूर है कि पुलिस ने वारदात के बाद अपराध दर्ज किया है और कई एंगल से जांच करने की बात कही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की तस्वीर साफ होगी। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। लेकिन जिस अंदाज में मामला हुआ और अलग-अलग बातें आ रही है उससे कई पहेलियां भी उपस्थित हुई है। देखना होगा कि मामले का रहस्योद्घाटन किस तरीके से होता है।

पार्षद प्रभा के वार्ड में सुलोचना का बोर्ड, परेशानी बढ़ी लोगों की

कांट्रेक्ट एजेंसी के काम पर प्रश्नचिन्ह, क्या दूर होगी अव्यवस्था

कोरबा। वर्ष 2025 में संपन्न नगरीय निकाय चुनाव से अधिकांश स्थानों पर शहरी सत्ता की तस्वीर बदल गई। धीरे-धीरे कामकाज पटरी पर दिख रहा है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को लोग अच्छे से पहचान सके और उनके पास पहुंच सके, इस इरादे से संबंधित क्षेत्रों में साइन बोर्ड लगाए गए हैं। कोरबा में पार्षदों के बोर्ड लगाने के मामले में क्रियान्वयन एजेंसी की मनमानी सामने आई है। पार्षदों के बोर्ड लोगों की सुविधा के बजाय अपनी बला टालने के इरादे से कहीं भी लगा दिए गए हैं।

पूर्ववर्ती शारदा विहार वार्ड की सीमाएं बदल गई है और उसके काफ हिस्से को नवगठित अमरैयापारा वार्ड क्रमांक 14 में शामिल कर दिया गया है। इस चुनाव में प्रभा टीकम राठौर भाजपा की टिकट पर पार्षद बनीं। चिमनीभट्ठा में रहने वाली प्रभा के वार्ड का दायरा मुड़ापाई मंदिर और आसपास तक फैला हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि क्रियान्वयन एजेंसी ने मुड़ापाई मंदिर के सामने सुलोचना यादव का बोर्ड लगा दिया है जो नई बस्ती वार्ड क्रमांक 11 से पार्षद निर्वाचित हुई है और अमरैयापारा वार्ड से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इसी तरह मुड़ापाई मंदिर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के सामने शारदा विहार वार्ड पार्षद सुशीला साहू का बोर्ड लगाकर कामकाज को पूरा कर लिया गया है। बताया गया कि वार्ड क्रमांक-14 की पार्षद प्रभा राठौर से कामकाज पड़ने पर लोगों को उनके पते की जानकारी लेनी पड़ रही है, क्योंकि ऐसे किसी भी बोर्ड की उपलब्धता आसपास में है नहीं। खबर के अनुसार कई और वार्डों में नगर निगम की एजेंसी ने बोर्ड इंस्टालेशन के दौरान इसी प्रकार की गलती की है। शिकायत इस बात की भी है कि अधिकांश बोर्ड में पार्षदों की फोटो की क्वालिटी निम्न दर्जे की है जो पहचान में नहीं आ रही है। वहीं रेडियम के स्तर को भी मेंटन करने की जरूरत नहीं समझी गई। लोगों की मांग है कि इस मामले में कमिश्नर आशुतोष पांडेय और महापौर को ध्यान देने के साथ गलतियां करने वालों की खबर लेना चाहिए।

कचांदी नाले पर बनेगा स्टापडेम

कोरबा। उरगा क्षेत्र के ग्रामीणों को पेयजल की समस्या एवं खेतो में सिंचाई करने के लिए पानी की आवश्यकता है। जलस्तर नीचे चले जाने से गर्मी के मौसम में होने वाले परेशानी को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य सुषमिता अनंत ने मामले को अधिकारियों के सामने रखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गर्मी के दिनों में जानवर परेशान हो जाते है। खेतो में भी सिंचाई के साधन नही है। इस क्षेत्र के ग्रामीण लगातार इस मांग को उठाते रहे है। अधिकारियों ने इस समस्या को देखते हुए कचांदी नाले पर स्टापडेम बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। आने वाले दिनों में नाले पर डेम बनाने का कम शुरू कर दिया जाएंगा । इसका लाभ उरगा क्षेत्र के अलावा आसपास के गांवो के लोगों को मिलेगा।

युवक कांग्रेस दिल्ली रवाना

कोरबा। युवक कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री लक्ष्मी कंवर के नेतृत्व में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए आज रवाना हो गए है। 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले आंदोलन को शामिल होगें। पिछड़े वर्ग कांग्रेस के साथ जिला अध्यक्ष राजेश मानिकपुरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कल दिल्ली के लिए रवाना होगें। इसी तरह कांग्रेस के अनेको कार्यकर्ता आज उसलापुर से दिल्ली के लिए लिए रवाना होंगे।

प्रदेश अध्यक्ष टिकरिया का पाली में स्वागत किया कार्यकर्ताओं ने

कोरबा। पिछले दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया का पाली आगमन हुआ यहां पहुंचने पर उनका भाजपा मंडल के अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल विभूती कश्यप मुकेश कौशिक दीपांशु सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। राहुल टिकरिया के साथ जितेन्द्र देवांगन भी थे। स्वागत कार्यक्रम के बाद राहुल टिकरिया चैतुरगढ़ के लिए रवाना हुए वहां पर उन्होंने माता महिषासुर मदिर्नी का दर्शन किया ।

समस्याओं को लेकर चेयरमेन के साथ होगी चर्चा

कोरबा। विद्युत मंडल में अनेको समस्याएं हैबिजली कर्मचारी संघ पे प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा था। इसके अलावा स्थानीय स्थल पर आंदोलन के साथ साथ रायपुर में प्रदर्शन किया गया था। । उन सभी मांगों पर आज बिजली कर्मचारी संघ की चेयरमेन के साथ वार्ता है। कोरबा से राष्ट्रीय सचिव आरएस जयसवा, प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ, कमल नारायण यादव शामिल होगें । बैठक में पेंशन स्कीम कर्मचारियों के पदोन्नति व नियमितिकरण के लेकर चर्चा होगी। सोलर पेनल लगाने पर कटौती के मुद्दों को उठाया जाएगा। इस मामले में अभी तक कोई ठोस निर्णय नही हो सका है। स्थानीय स्थल पर अजय मिश्रा, केदार राठौर , अमर राठौर, सुनीता जयसवाल नेतृत्व में प्रदर्शन किए गए थे।

बेमतलब बनकर रह गया कोरबा पुलिस का वाट्सऐप ग्रुप

कोरबा। 29 अगस्त 2014 को बनाया गया कोरबा पुलिस का वाट्सऐप ग्रुप डीएसआर एक तरह से बेमतलब बनकर रह गया है। लंबे समय से इसमें जिले के थाना-चौकी से संबंधित अपराध और इस सिलसिले में की गई कार्यवाही की जानकारी साझा नहीं की जा रही है। स्थिति यह है कि विभिन्न मामलों में मीडिया को दूसरे स्तर से पता करना पड़ रहा है। इस पर भी विरोधाभाषी तथ्य उन तक पहुंच रहे हैं। ऐसे में भ्रम के साथ समस्याएं भी है। हालिया ट्रिपल मर्डर केस के अपडेट को लेकर भी पुलिस का वाट्सऐप ग्रुप खाली है।

उप मुख्यमंत्री विजय से जुड़े विभाग का मामला

सहायक अभियंता तो बना दिया, काम करने का मौका कब मिलेगा प्रजापति को

कोरबा। सरकारी सेवा में कर्मचारियों और अधिकारियों को सेवा शर्तें अधिनियम के अंतर्गत पदोन्नति की पात्रता होती है और इस आधार पर उन्हें कटेगरी के हिसाब से काम करने का मौका भी मिलता है। लेकिन सुनील प्रजापति को नई जगह पर काम करने का मौका अब तक नहीं मिल सका। पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग ने उन्हें सहायक अभियंता के तौर पर पदोन्नत किया है, फिर भी वे कोरबा में एसडीओ के पद पर काम नहीं कर पा रहे हैं।

हैरान करने वाली बात यह है कि वर्ष 2022 में प्रदेश सरकार ने पदोन्नत किया और पूर्ववर्ती पदस्थापना कोंडागांव से कोरबा स्थानांतरित कर दिया। व्यवहारिक तौर पर प्रजापति की सेवाएं नवीन पदस्थापना में ग्रामीण यांत्रिक सेवा के सबडिविजन में अनुविभागीय अधिकारी के तौर पर ली जानी चाहिए, क्योंकि वे सहायक अभियंता संवर्ग में आते हैं। अफसोस है कि उन्हें बेमतलब जिला पंचायत में अटैच करके रखा गया है। चूंकि स्थानीय व्यवस्था देखने वाले अधिकारी सुपीरियर हैं और ऐसे में अधीनस्थों को उनका कहा मानना ही है। सवाल किया नहीं जा सकता। इस चक्कर में पिछड़ा वर्ग में शामिल सुनील प्रजापति अपनी पदोन्नति के बावजूद सामान्य रूप से काम करने को मजबूर हैं।

छतीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पास पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी है और यह मामला एक प्रकार से जनप्रतिनिधि से जुड़ा हुआ है। उपमुख्यमंत्री के अंतर्गत आने वाले विभाग के इंजीनियर के सामाजिक और आर्थिक हितों की अनदेखी किस कदर हो रही है, यह मामला इसी का उदाहरण है। बार-बार ध्यानाकर्षण पर भी न तो पदोन्नत सहायक अभियंता को जिला पंचायत से हटाया गया और न उन्हें मूल विभाग में काम करने के लिए मौका दिया गया। सवाल उठता है कि जब उपमुख्यमंत्री के विभाग में इस तरह की कारगुजारी हो सकती है तो अपेक्षाकृत छोटे ओहदे रखने वाले मंत्रियों के विभागों में कामकाज किस तरीके से चलता होगा और अधिकारी उस पर कितना ध्यान देते होंगे।

धान खरीदी के मसले पर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

कोरबा। विकासखंड मुख्यालय करतला में आम आदमी पार्टी के द्वारा आज धान खरीदी के कुछ मसलों को लेकर सांक्षिप्त रैली निकाली जाएगी और तहसीलदार को ज्ञापन दिया जाएगा। करतला बस स्टैंड से इसकी शुरुआत की जानी है। प्रदर्शन में चाहे जितने कार्यकर्ता है, सुरक्षा के लिहाज से स्थानीय थाना प्रभारी के के वर्मा और उनके सहयोगी नजर रखे हुए हैं। खबर में बताया गया कि धान खरीदी के कामकाज से जुड़ी कुछ कमियों का निराकरण किए जाने पर आम आदमी पार्टी चिंतित है। प्रशासन को उसने इस बारे में अवगत कराया है।

रामपुर में भागवत कथा आयोजित

कोरबा। करतला ब्लॉक के रामपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यहां पर पं. युगल कृष्ण महाराज के द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है।

लोडिंग इंस्पेक्टर और अन्य लोगों की कोयला लोड तीन गाड़ियां पकड़ाई दीपका में

फाइल फोटो

गेवरा क्षेत्र से जुड़ा है मामला

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की जिले में संचालित कोयला खदानों में गड़बड़ियां पहले भी हो रही थी और अब भी जारी है। एक के बाद एक इसका खुलासा हो रहा है। पिछली रात दीपका पुलिस ने संदेह के आधार पर कोयला लोड तीन गाड़ियों को पकड़ा। प्रक्रियाओं की पूर्ति के लिए दोपहर तक ये थाने की परिसर में रही। थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि मामला कोयला चोरी का नहीं बल्कि कुछ खामियों से जुड़ा हुआ है। दस्तावेजों को हमने एसईसीएल से वेरिफाई करा लिया है, उक्तानुसार आगे फाइल बढ़ाई जाएगी।

वहीं अन्य जानकारी में कहा गया कि पकड़ी गई गाड़ियों में से एक गेवरा के लोडिंग इंस्पेक्टर की बताई जा रही है। और तो और नियम विरूद्ध तरीके से उसके द्वारा रोड सेल में डीओ भी लगाया जा रहा है। हरियाणा की एक पार्टी की भूमिका भी इस खेल में है।

हाई स्पीड गाड़ियों पर नियंत्रण के लिए इंटरसेप्टर का सहारा

कोरबा। जिले में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर अलग-अलग तौर-तरीके अपनाए जा रहे हैं। मैनुअल और टेक्निकल तरीकों से ऐसे मामलों में कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य यह है कि हादसों का ग्राफ कम करने के साथ चालकों को उनकी जिम्मेदारी बताई जाए।

पुलिस ने बताया कि हाईवे और दूसरे मार्ग पर हाई स्पीड वाहनों की गति मापन के साथ उनकी धरपकड़ करने लगातार कोशिश की जा रही है। जिले से पिछले दिनों भेजे गए प्रस्ताव पर पीएचक्यू ने इंटरसेप्टर वाहन मुहैया कराया है। इसमें कई तरह की विशेषताएं हैं, जिसके जरिए ट्रैफिक पुलिस को नियम पालन के मामले में उपेक्षा करने वाली गाड़ियों को पकड़ने व कार्यवाही करने में सहूलियत हो रही है। बताया गया कि इसमें हाइटेक स्पीड रडारगन से मूव करती गाड़ियों की रफ्तार को आंका जा रहा है और ई-चालान करना भी आसान हुआ है। हाई फ्रीक्वेंसी वाहने कैमरे के साथ दूसरे सिस्टम इसे खास बनाते हैं। बताया गया कि हाईवे पर दुर्घटना की सूचना इसके जरिए कंट्रोल रूम को कुछ ही देर में पहुंचाना संभव हुआ है। वीआईपी रूट और आवागमन को बेहतर करने में भी इसे उपयोगी माना गया हैं। बताया गया कि नशे में ड्राइविंग से लेकर संदिग्ध वाहनों की धरपकड़ को लेकर यह हाईटेक वाहन अपनी भूमिका लगातार निभा रहा है। बताया गया कि कोरबा जिले में हादसों का ग्राफ कम करने को लेकर इस वर्ष काफी काम किया गया और चालकों को जागरूक करने में भी सफलता मिली।

एचटीपीएस में शून्य दुर्घटना लक्ष्य का संकल्प लिया सुरक्षा सप्ताह पर

कोरबा। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में तक 5 दिवसीय औद्योगिक संरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के कारखाना अध्यक्ष प्रबंधक एके. शाह एवं अतिथियों द्वारा सरंक्षा सप्ताह में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन एवं संरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया।

समापन समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके जोशी, केएनबी. राव, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके. कुरनाल की उपस्थिति रही। अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) राजेश बंजारा द्वारा सप्ताहभर होने वाले पूरे कार्यक्रमों का विवरण दिया गया। संरक्षा सप्ताह में केमिकल व इलेक्ट्रिकल सेफ्टी पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, व्यवसायजनक रोगों से सुरक्षा एवं संरक्षा उपकरणों के उपयोग पर प्रशिक्षण आयोजित किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विकास उईके, आलोक कुमार रात्रे, राधा पैगवार, सुरेंद्र कुमार, काजल महानंदा एवं कार्तिक दास महंत को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अभियंता एचके. सिंह द्वारा अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों को संबोधित करते हुए संरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल करने का आह्वान किया गया। समारोह में कारखाना प्रबंधक एके शाह, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके पांडे, महिमा मिंज और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके. कुरनाल भी उपस्थित रहे।

छात्रों को अवसर का लाभ दिलाने राष्ट्रीय नेटवर्क न्योक्ता से अनुबंध किया केएन कॉलेज ने

कोरबा। देश की अग्रणी स्किल डेवलपमेंट एवं शिक्षा संस्था एआईसीईसीटी ने कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के साथ एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य छात्रों को कौशल आधारित प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करना है। इस एमओयू पर कमला नेहरू कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर एवं एआईसीईसीटी की ओर से एजीक्यूटिव प्लेसमेंट ऑफिसर आकाश राखोंडे ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसर, उद्योग की आवश्यकता के अनुसार स्किल डेवलपमेंट एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम, एआईसीईसीटी के राष्ट्रीय नियोक्ता नेटवर्क के माध्यम से प्लेसमेंट सहायता, छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन, रोजगार उन्मुख कार्यशालाएं एवं सत्र, एनसीएसडीई, स्किल इंडिया, पीएमकेवीवाई से संबंधित पहलों में सहयोग प्रदान किया जाएगा। आकाश राखोंडे ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों को उद्योग-तैयार कौशल प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। एआईसीईसीटी के प्रशिक्षण संसाधन और राष्ट्रीय स्तर के नियोक्ताओं से जुड़े नेटवर्क से छात्रों को नए अवसर प्राप्त होंगे। डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने इस एमओयू की सराहना की और कहा कि यह सहयोग कॉलेज के विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए अधिक सक्षम बनाएगा। यह साझेदारी कोरबा के छात्रों को उच्च गुणवत्ता के कौशल प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और रोजगार अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

साधक परिवार की बैठक

कोरबा। सिद्धआश्रम साधक परिवार के धनश्याम बरेठ ने जानकारी देते हुए बताया कि साधको की एक बैठक सकी में आयोजित किया । जिसमें निर्णय लिया गया कि गुरूदेव नंद किशोरश्रीमानी के जन्म दिन 16 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर भजन कीर्तिन के अलावा हवन होगा। एक कार्यक्रम माड़वारानी में भी आयोजित किया गया। जिसकी तैयारी हरीश राजवाड़े के द्वारा की जा रही है। यहां पर भी हवन कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण होगा। सकी में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुदामा चंद्रा, खेमचंद पटेल,राजू बरेठ लगे हुए है।

गुमशुदा की तलाश

रामकरन सिंह पिता स्व. पंडा सिंह, जाति गोंड उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम रांपा, तहसील कोटाडोल, जिला एम. सी. बी. छ.ग. के मूल निवासी है। जो माह अगस्त 2007 में कमाने खाने के लिए बम्बई (महाराष्ट्र) जाना बताकर घर से बाहर चले गए थे। उसके पश्चात आज तक वापस लौटकर घर नहीं आए। तथा उनका काफी अता पता परिवार व समाज रिश्तेदारों में लगाए जाने के बावजूद आज तक कोई सुराग उनका नहीं मिला है। जगह जगह जाकर संपर्क करने पर भी कोई पता नहीं लग पा रहा है।

कृपया जिन सज्जन को रामकरन सिंह पिता स्व. पंडा सिंह का कोई सुराग पता चले तो कृपया कर तत्काल सूचना नीचे दिए मोबाइल नंबर पर देने का कष्ट करें। सूचना देने वाले सज्जन को समुचित पुरस्कार राशि रुपए 10,000/- परिवार की ओर से दिया जावेगा।

मोबाइल नंबर 8839002160

पुत्र
भारत सिंह गोंड
ग्राम रांपा, तहसील कोटाडोल
जिला-एम. सी. बी. (छ.ग.)

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com